कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
9 YEARS
सफलता के 9 वर्ष
रांची 16 जून, 2024, रविवार वर्ष 09, अंक 236, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+20=44, मूल्य : ₹3.00

## अलकनंदा में गिरा वाहन 10 तीर्थयात्रियों की मौत

### 23 पर्यटक सवार थे, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ हाइवे पर टैंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर अलकनंदा नदी में गिर गयी। हादसे में 10 पर्यटकों की मौत हो गयी, जबकि 13 घायल हैं। सात गंभीर घायलों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके ऋषिकेश एम्स ले जाया गया। टैंपो ट्रैवलर में 23 यात्री सवार थे। सभी बद्रीनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे। पर्यटक नोएडा और दिल्ली के हैं। एसपी विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि रुद्र प्रयाग में रैंतोली के पास एक टैंपो ट्रैवलर हाइवे से खाई में गिर गयी। नदी में अभी सर्चिंग की जा रही है। स्थानीय लोग, एसडीआरएफ फायर सर्विस, जिला आपदा प्रबंधन और जल पुलिस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। पुलिस ने बताया कि ट्रैवलर हरियाणा नंबर की है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर्यटकों ने इसकी बुकिंग करायी। वह शुक्रवार शाम को दिल्ली से रवाना हुए। रातभर सफर किया। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पायी है। फिलहाल, प्रशासन का फोकस सर्चिंग और घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने पर है। हादसा जहां हुआ, वह ऑल वेदर हाइवे है। ट्रैवलर बाउंड्री तोड़ते हुए करीब 200 मीटर नीचे खाई में पलटती हुई नदी में गिरी। नदी का किनारा होने के चलते अलकनंदा के तेज बहाव में ट्रैवलर बही नहीं। घटनास्थल के नजदीक ही रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। लोगों को बचाने के लिए तीन मजदूर नदी में कूदे। इनमें से दो वापस आ गये। लेकिन 1 की मौत हो गयी।

## नीट-यूजी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नीट-यूजी रिजल्ट विवाद में एक और याचिका शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर की गयी है। इसमें सभी 23.3 लाख अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट के दोबारा चेकिंग करने और नयी रैंकिंग जारी करने की मांग की गयी है। याचिका में ये भी मांग है कि इस मामले की पूरी जांच सुप्रीम कोर्ट के पैनल द्वारा मॉनिटर की जाये। एडवोकेट तन्वी दुबे और एडवोकेट अरिहंत जैन ने ये याचिका कोर्ट में दायर की हैं।

## इंदिरा गांधी मदर ऑफ इंडिया : सुरेश गोपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया कहा। उन्होंने दिवंगत कांग्रेसी मुख्यमंत्री के करुणाकरण को भी साहसी मुख्यमंत्री बताया। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को 'भारत की मां' मानते थे, इसलिए करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। गोपी पुन्कुन्नम में करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिरम गये थे। उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान यह भी कहा कि उनके दौरे का कोई राजनीतिक अर्थ न निकाला जाये, क्योंकि वे अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आये हैं।

**सुरेश गोपी मार्क्सवादी नेता नयनार के घर भी गये:** गोपी ने बताया कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह ही उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी अच्छे संबंध थे। इसलिए वे कन्नूर में नयनार के घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मिले। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना राज्य में पार्टी के संस्थापकों का अनादर नहीं है। उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिरम जाने की इच्छा जताई थी। लेकिन तब उनकी बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें जाने नहीं दिया था। पद्मजा हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं।

## बंगाल राज्यपाल ने कहा, राज्य में मौत का तांडव हो रहा

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि राज्य में कई जगहों पर मौत का तांडव हो रहा है और राज्य सरकार हिंसा के शिकार लोगों को राज भवन नहीं आने दे रही है। बंगाल की सीएम संविधान की उपेक्षा नहीं कर सकती हैं। दरअसल गुरुवार को पुलिस ने भाजपा लीडर और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और चुनावों के बाद जारी हिंसा के पीड़ितों को राज भवन जाने से रोका था। इसके पीछे पुलिस ने कारण दिया था कि राज भवन के आसपास सेक्शन 144 लागू है।

## नीतीश की तबीयत खराब, हुआ चेकअप

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत शनिवार को बिगड़ गयी। इसके बाद वे पटना के मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे और जांच करायी। बताया जा रहा है कि उनके हाथ में शुक्रवार से तेज दर्द हो रहा था। मेदांता हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में उनका चेकअप किया गया। जांच के बाद नीतीश अपने आवास लौट गये।

### रक्षा राज्यमंत्री ने किया बड़ा तालाब का निरीक्षण, सफाई का मार्ग प्रशस्त

## संजय सेठ की पहल पर सात करोड़ की मशीन देगा सीसीएल



- रांची के उपायुक्त को तालाब की सफाई कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित बड़ा तालाब की सफाई जल्द हो सकेगी। इस दिशा में पहल शुरू कर दी गयी है। रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। तालाब का पानी दूषित देख कर सेठ ने उपायुक्त को मौके पर बुलाया। उन्हें इसकी सफाई कराने का निर्देश दिया। संजय सेठ को बताया गया कि तालाब की गंदगी को साफ करने के लिए जो मशीन की आवश्यकता है, वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं है। साथ ही उसकी कीमत लगभग सात करोड़ रुपये है। संजय सेठ ने तत्काल इसका हल निकाला। उनकी पहल पर सीसीएल तालाब सफाई के लिए मशीन खरीद कर देने के लिए तैयार हो गया है।

संजय सेठ ने मौके पर ही सीसीएल के सीएमडी से बात की। उन्होंने कहा कि सीसीएल सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नयी मशीन उपलब्ध कराये। सीसीएल सीएमडी ने इसे तत्काल स्वीकार कर लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने उपायुक्त को कागजी प्रक्रिया पूरी कर सीसीएल के सीएमडी को भेजने का निर्देश दिया, जिससे मशीन जल्द उपलब्ध हो सके और तालाब की सफाई हो सके। इस मौके पर उपायुक्त राहुल सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, निर्वतमान डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, रांची झील समिति बचाओ अभियान के चुन्नू मिश्रा, मुकेश मुक्त, नंदू अरोड़ा, अमन जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धर्मेंद्र प्रधान के घर में 20 लोगों ने घुसने की कोशिश की

- तीन गाड़ियों में आये थे प्रदर्शन करने, दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास में घुसने की कोशिश करने और बिना इजाजत के विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में लोगों के एक समूह पर केस दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि तीन से चार कारों से 20 लोग आये और साउथ एवेन्यू में कुशक रोड पर धर्मेंद्र प्रधान के घर में घुसने की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ साउथ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में धारा-188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एफआइआर के अनुसार, करीब 20 लोग तीन से चार कारों में सवार होकर आये और साउथ एवेन्यू में कुशक रोड पर केंद्रीय मंत्री के आवास हाउस नंबर 19 के बाहर जमा हो गये। मौके पर कुछ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। एफआइआर में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों के हाथ में एनएसयूआइ के पर्चे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि इलाके में सीआरपीसी की धारा-144 लागू होने के कारण वे यहां जमावड़ा नहीं कर सकते है। फिर भी वे लोग नहीं रुके और नारेबाजी की।












# कल्पना से मिले पार्टी के कार्यकर्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके रोड रांची स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से विभिन्न जगहों से आये पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। उन्हें गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित होने की बधाई दी।

# जेसीएम ने कल्पना सोरेन को बधाई दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को छात्र मोर्चा की ओर से इंडिया गठबंधन की पांच लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की जीत की बधाई दी। साथ ही छात्र हित से संबंधित वार्ता की गयी। पार्टी में छात्र और युवाओं की भागीदारी बढ़े, ऐसा दिशा निर्देश उनकी ओर से दिया गया। आगामी बैठक जल्द छात्र मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ करेंगी। इससे राज्य के छात्र-युवाओं के ज्वलंत मुद्दे का जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उक्त मौके पर झामुमो छात्र मोर्चा अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, मनीष राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## कल्पना से मिलीं महिला आयोग की पूर्व सदस्य



रांची। आदिवासी महिलाओं की समस्या, विस्थापन-पलायन और डायन कुप्रथा जैसे मसलों पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से विचार विमर्श किया। महिला आयोग की पूर्व सदस्य डॉ वासवी किड़ो ने मुलाकात के दौरान इस विषयों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ वासवी किड़ो ने दो पुस्तकें महुआ और विस्थापन भेंट की। झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने कहा कि वह आदिवासी महिलाओं की समस्याओं को समझना चाहती हैं।

# सीसीएल में पॉश अधिनियम पर कार्यशाला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निदेशक कार्मिक सीसीएल हर्षनाथ मिश्र के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रकाश हॉल में यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से चर्चा की गयी। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया।

महाप्रबंधक एचआरडी आरके पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया। पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ सुमन सिंह द्वारा पॉश अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया।

दूसरे सत्र में सुचिंद्रा द्वारा पीओएसएच अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार विषय पर सत्र को रश्मी साहा ने संबोधित किया।




















# संजय सेठ से मिला एचइसी मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से एचइसी मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने एचइसी के गंभीर विषयों से अवगत कराते हुए कहा कि इस विकट परिस्थिति में भरोसा है कि पहल कर फिर से एचइसी के पुराने गौरव को हासिल कराने में सफल होंगे। मौके पर रमाशंकर प्रसाद, सुनील कुमार पांडेय, विकास तिवारी, रविकांत, सरोज कुमार, बालमकुंद शर्मा, मनोज कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मण कुमार, संतोष सिंह, सुनील कुमार तांती, सोमनाथ, उदय शंकर, अजय शर्मा, सुधीर चौधरी, सुमन सिंह, सुजीत कुमार झा, मो असलम समेत अन्य मौजूद थे।




## मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सभागार में शनिवार को मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की उप प्राचार्य मीना कुमारी, अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास ने प्रतीक चिह्न और अंग वस्त्र भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने विचार रखे। उन्होंने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य सामान्य और अति सामान्य वर्ग के बच्चों को शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य आय अर्जित करना नहीं बल्कि बच्चों को शिक्षा के साथ चरित्र का निर्माण करना भी है। मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर लाल, यूनियन बैंक के वरीय प्रबंधक रवि शंकर सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज कुमार के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दशम और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सिद्धार्थ शंकर लाल ने कहा कि शिक्षा समाज को अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। अच्छे चरित्र का निर्माण करती है। बच्चों को सुसंस्कृत करती है। हमें अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार बनना चाहिए। मौके पर शक्तिनाथ लाल दास, एस वेंकट रमन, विजया भेंगरा, डॉ धनेश्वर महतो, महावीर सिंह, डॉ उमाशंकर शर्मा, बलराम उपाध्यय, लाल अशोक नाथ शाहदेव, सदस्य आशीष नाथ शाहदेव, विजय केसरी, विनोद कुमार सिंह, प्राचार्य ललन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## डालमिया भारत लिमिटेड ने ग्रामीणों को मदद दी



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड की कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी शाखा ने ग्रामीण समुदायों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रूप से बढ़ने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने झारखंड स्थित उत्तरी गोराबली पंचायत के गोराबली गांव में पांच छोटे व्यवसायों की शुरुआत की है। इन नये व्यवसायों में चार किराना दुकानें और एक कॉस्मेटिक दुकान शामिल है। यह प्रयास डीबीएफ के ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

## श्री श्याम मंदिर में 116वां श्याम भंडारा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 116 वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह पोद्दार, स्नेहा पोद्दार ने खाटूनरेश, शिव परिवार को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा रहा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। श्री श्याम भंडारे में वेज बिरयानी, आलू-कद्दू-परवल की मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी 2500 से ज्यादा भक्तजनों के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, राजीव रंजन, पुष्पा देवी, सुलोचना पोद्दार, अमित पोद्दार समेत अन्य मौजूद थे।













## कैबिनेट की बैठक 19 जून को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 19 जून को होगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होनेवाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में इस संबंध में सभी विभाग को सूचित किया है। कैबिनेट की बैठक में विकास की कई योजनाओं को स्वीकृति मिलेगी।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सीय शिविर 21 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में 21 जून को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल नयी दिल्ली के चिकित्सक डॉ राजीव राठी मरीजों की जांच और चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों और हितधारकों के साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।



## आजाद सिपाही के नौवें स्थापना दिवस पर विशेष

# आपके भरोसे के साथ 3288 दिन

**आजाद सिपाही विशेष**

**अलग राज्य बनने के करीब डेढ़ दशक बाद 16 जून, 2015 को झारखंड के क्षितिज पर एक नये अखबार का उदय हुआ था। आजाद सिपाही नाम का वह अखबार आज न केवल झारखंड में, बल्कि पूर्वी भारत के चार राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। आजाद सिपाही के उदय की कहानी बेहद रोमांचक है, लेकिन इसके साथ ही यह कहानी उस विश्वास भरे रिश्ते की दास्तान भी है, जिसकी कमी आज की गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा के दौर में हर तरफ देखी जा रही है। आजाद सिपाही यदि आज अपना नौवां स्थापना दिवस मना रहा है, तो यह आपके भरोसे, संबल और विश्वास की सबसे बड़ी सफलता है, जिसने एक सामान्य से पत्रकार और चंद लोगों के मिले-जुले सपने को हकीकत में बदलने का रोमांचकारी काम किया है। आज आजाद सिपाही एक अखबार ही नहीं, एक भरोसे का नाम बन चुका है। इसलिए इसका 3288 दिन का अब तक का सफरनामा इतना खास है। आज आपके साथ न तो राजनीति की बात होगी और न अपराध या समाज की। आज केवल आपके भरोसे की बात होगी और बात होगी उस सपने की, जिसे हमने नौ साल पहले देखा था और जिसे पूरा करने के लिए आप दिलो-जान से लगे हुए हैं।**



हरिनारायण सिंह

नौ साल, यानी पूरे तीन हजार दो सौ 88 दिन। इतने दिन का सूर्योदय बिना किसी व्यवधान के देख पाना किसी सामान्य संस्थान के लिए अजूबे जैसा है, लेकिन किसी सपने को संकल्प में बदल कर उसे हासिल करने के जज्बे के लिए असंभव कुछ भी नहीं हो सकता। देश के 11वें राष्ट्रपति भारत रत्न अबु पकीर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम की मशहूर उक्ति है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सपना वह नहीं होता है, जो आप सोते हुए देखते हैं, बल्कि सपना वह होता है, जो आपको सोने नहीं देता है। आजाद सिपाही उसी सपने का नाम है, जिसे एक सामान्य से पत्रकार ने चंद सहयोगियों के साथ मिल कर देखा था और आज नौ साल बाद वह सपना इतना बड़ा हो गया है कि इसकी धमक पूरे राज्य में ही नहीं, आसपास के राज्यों में भी दिखायी दे रही है।

वह 16 जून, 2015 का दिन था, जब आजाद सिपाही नामक सपने को हकीकत में बदलने की संकल्प यात्रा शुरू हुई थी। यह सपना इतना बड़ा था कि इसे हकीकत में बदलना लगभग असंभव था। बिना किसी पूंजी और संसाधन के, महज एक सपने, जुनून और संकल्प के साथ एक दैनिक अखबार का प्रकाशन झारखंड की राजधानी रांची से शुरू हुआ था। यह घटना इसलिए अप्रत्याशित थी, क्योंकि तब तक झारखंड की धरती पर बड़े-बड़े खिलाड़ियों ने पैर जमा लिये थे। अथाह पूंजी और कॉरपोरेट की ताकत के साथ चकाचौंध मार्केटिंग के मुकाबले किसी ऐसे अखबार का निकलना अप्रत्याशित तो था, लेकिन उससे भी अप्रत्याशित रहा इसका लगातार मजबूत होते जाना और फिर सफर का नौवां साल पूरा कर लेना। यह किसी कॉरपोरेट सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि एक सपने को केवल जुनून, जोश और जज्बे की बदौलत एक वृक्ष की शक्ल देने का अकल्पनीय वृत्तांत है।

आजाद सिपाही के अब तक के सफर को यदि एक वाक्य में समेटने के लिए कहा जाये, तो शायद सबसे उपयुक्त वाक्य इसका बहुचर्चित सूत्रवाक्य होगा, कलम-कलम बढ़ाये जा। अखबार के अलावा इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट की दुनिया में आजाद सिपाही अब कोई अपरिचित नाम नहीं रह गया है। इसलिए हम आज बड़े गर्व से मजरुह सुल्तानपुरी का वह शेर गुनगुनाते हैं-

***मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर***
***लोग साथ आते गये और कारवां बनता गया***

मीडिया और खास कर प्रिंट मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती के इस दौर में यदि आजाद सिपाही हर दिन आपके दरवाजे पर पहुंच रहा है, तो इसके पीछे केवल आपका भरोसा है। इसी भरोसे की ताकत से हम उन बड़े घरानों के दबाव का सामना कर सके, जो अपनी अथाह पूंजी के बल पर अकसर हमसे टकराते रहे हैं, आगे भी टकराते रहेंगे। हम टकराव में भरोसा नहीं करते, बल्कि आपने हमें सिखाया है कि जीत टकराव से नहीं, बड़ी लकीर खींचने से होती है। आपके इसी भरोसे ने हमसे पूछे जानेवाले सवालों के दायरे को इतना बड़ा कर दिया है। हम पर भरोसा इतना है कि खबर की सत्यता जांचने के लिए लोग आजाद सिपाही से पूछते हैं। लोगों की प्रतिक्रिया यही होती है कि आजाद सिपाही में यदि यह खबर छपी है, तो जरूर सही होगी। मीडिया की विश्वसनीयता पर लगातार गहराते संकट के दौर में यदि आजाद सिपाही अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता और आपके भरोसे के सहारे यह उपलब्धि हासिल कर सका है, तो इसमें आपको और हमको एक साथ गर्व होना स्वाभाविक है। वैसे नौ साल का समय बहुत लंबा तो नहीं होता, लेकिन इतिहास का एक अध्याय बनाने और लिखने लायक तो होता ही है।

आजाद सिपाही ने नौ साल पहले जब अपना सफर शुरू किया था, तो उसके पास सबसे बड़ी पूंजी आपका भरोसा और अपने छोटे से परिवार का आत्मविश्वास-संकल्प था। यह आत्मविश्वास शुरू में डगमगाया भी, लेकिन हमने हार नहीं मानी। आपका भरोसा और प्यार हमारा संबल बना। आज जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं, तो हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम केवल आपके भरोसे ही इतनी दूर तक आ सके हैं। हम अक्सर पढ़ते-सुनते आये हैं कि संस्थानों ने कैसे सफलता की सीढ़ियां तय कीं या फिर धूमकेतु की तरह प्रकट होकर गायब हो गये। आजाद सिपाही की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि हमारे पास न पूंजी थी और न ही संसाधन। न किसी पूंजीपति का साथ था और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन। आजाद सिपाही वह सपना और संकल्प था, जिसे पूरे परिवार ने मिल कर देखा, गुना और फिर उसे पूरा करने में जुट गया। बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों, भारी-भरकम पूंजी और गलाकाटू प्रतिस्पर्द्धा के दौर में आजाद सिपाही के नन्हे से कदम से किसी को न कोई फर्क पड़ना था और न पड़ा।

आजाद सिपाही से बाजार को भले ही फर्क नहीं पड़ा, लेकिन हमारे और आपके रिश्ते की उस भरोसेमंद शुरुआत से हमें जरूर संबल मिला। हमारा सपना थोड़ा और रंगीन हुआ, हमारा संकल्प थोड़ा और मजबूत हुआ। कहा जाता है कि अगर किसी को तैरना सिखाना हो, तो उसे गहरे समंदर में फेंक दो। हमारे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिना किसी समारोह और कार्यक्रम के हम खबरों के महासागर में कूद पड़े। हमारा लाइफ जैकेट आपका भरोसा था। शुरुआत धमाकेदार तो नहीं हुई, लेकिन हमारे कदम सधे हुए जरूर थे। हम न किसी राजनीतिक दल के समर्थक थे और न विरोधी। हमें न किसी से दोस्ती थी और न ही दुश्मनी। हमारे सामने केवल आप थे और हमें आपका ही ध्यान था। इस बड़े संकल्प और सुनहरे सपने के सफर पर हम निकले, तो रास्ते खुद ब खुद निकलने लगे। अंधेरी सुरंग में प्रवेश करने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि शुरुआत में ही अंधेरे से लड़ने की ताकत मिल जाती है। हमें भी यह ताकत मिली। यह ताकत आपसे मिली, आपके भरोसे से मिली। हम एक-एक कदम धरते गये। आपने डांटा-फटकारा, दुलारा और पुचकारा भी। यह हमारे लिए पूंजी थी। हमें चिंता थी आपकी खबरों की भूख शांत करने की, आपको सूचनाओं से समृद्ध करने की। हम कभी इस भ्रम में नहीं रहे कि हम बहुत ताकतवर हैं और न कभी आपको इस भ्रम में रखा कि आजाद सिपाही के पास जादू की छड़ी है, जिसे घुमाते ही आपकी सारी समस्याएं दूर हो जायेंगी। हम तो आपका आइना बनने चले थे और हमारा काम आपको सूचनाओं-खबरों से समृद्ध करना था। संसाधनों की कमी रास्ते में बाधा बनी, तो आप हमारे रिपोर्टर बन गये। किसी न किसी माध्यम से आप हर जरूरी सूचना हम तक पहुंचाते रहे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि हमारे और आपके बीच का रिश्ता केवल अखबार और पाठक का रिश्ता नहीं रहा, बल्कि यह लगातार मजबूत होता गया और आज नौ साल बाद हम कह सकते हैं कि यह रिश्ता भरोसे में बदल चुका है।




'कलम-कलम बढ़ाये जा' के सूत्र वाक्य के साथ हम सफर पर निकल तो पड़े, लेकिन हमारी समझ आप तक ही सीमित थी। हमारी निगाह न तो लाभ कमाने की थी और न ही कोई निजी हित साधने की। इसलिए हमारे भीतर खबरों को जानने की, समझने की छटपटाहट थी। हमने महसूस किया कि खबरों के इस महासागर में झारखंड का आम आदमी कहीं पीछे छूट रहा है। हम जानते थे कि हरेक पाठक की अपनी जरूरत होती है और चाहत भी। आजाद सिपाही ने इस जरूरत को, सूचना की चाहत को और लोगों के सपनों को महसूस किया। इसलिए हमने स्थानीय होने की बजाय पूरे प्रदेश को अपने दायरे में रखा। हमारे इस अभिनव प्रयोग की खूब हंसी भी उड़ायी गयी। कहा गया कि यह आत्महत्या करने जैसा कदम है। लेकिन हमें आपका भरोसा था और अपने संकल्प पर भी। इसलिए हमने पूरे झारखंड का एक समग्र अखबार निकाला। हमारा कोई अलग बिजनेस मॉडल नहीं था। हमारे पास पूंजी नहीं थी कि हम कई-कई संस्करणों में अखबार को बांट सकें। इसलिए एक संस्करण की पुरानी, लेकिन स्थापित अवधारणा को हमने अपनाया और उसे आगे बढ़ाया।

सधी हुई शुरुआत और आपके भरोसे के सहारे हम पहली सालगिरह तक पहुंचे। वह 2016 का साल था, जब सूचनाओं के संसार में सब कुछ तेजी से घटित हो रहा था। सोशल मीडिया पूरे उफान पर था और लोग प्रिंट मीडिया के अवसान की भविष्यवाणी करने लगे थे। उस दौर में सूचनाओं की विश्वसनीयता कटघरे में थी, लेकिन यह आपका भरोसा और हमारा संकल्प था कि हम रास्ते से डिगे नहीं। सोशल मीडिया की ताकत का अंदाजा हमें भी था और आपको भी, लेकिन हमें विश्वास था कि हम एक अलग धारा विकसित करेंगे, ताकि आप तक सही और ठोस सूचनाएं पहुंच सकें। हमने गांवों-गलियों की खाक छानी, शहरों के कोलाहल को झेला और हमारी खबरों ने साबित कर दिया कि हम सही रास्ते पर चल रहे हैं। हर दिन-हर पल आप हमारे साथ बने रहे। इससे हमारी ताकत कुछ और बढ़ी। ताकत बढ़ी, तो स्वाभाविक था कि कुनबा भी बढ़ा। परिवार बड़ा हुआ। 30 लोगों का सपना एक साल के भीतर ही एक सौ के करीब लोगों का सपना बन चुका था। इस बड़े होते परिवार को देख कर हम तो फूले समा ही रहे थे, आप भी खूब खुश हो रहे थे, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था।

2017 में अपनी दूसरी सालगिरह तक पहुंचने पर हमें एहसास हुआ कि हमें अपना दायरा बढ़ाना चाहिए। संसाधनों की कमी तब भी थी। हम आकार में छोटे जरूर थे, लेकिन हमारा इरादा और हमारा हौसला आसमानी ऊंचाई लिये हुए था। हमारे पास आपके भरोसे की पूंजी थी। आपकी पैनी नजर हमें हर पल सतर्क रखती थी। हमने दायरा बढ़ाया और नये जिलों में आजाद सिपाही दिखने लगा। कई शहरों में तो आपने अपने घर में हमें पनाह दी। हमें कभी महसूस ही नहीं हुआ कि हम आपसे अलग हैं। आप हमेशा हमारे साथ खड़े रहे। खबरें भेजने से लेकर अखबार के प्रसार तक के कामों की आप निगरानी करते रहे। यह हमारे लिए बड़ी पूंजी बनी, हमारी ताकत बनी। हम बड़े हो रहे थे। आपका आजाद सिपाही बड़ा हो रहा था। छुटपन की चंचलता उसमें भी थी। शरारतें भी थीं, लेकिन कहीं न कहीं इनके पीछे आपका ही ध्यान था। इसलिए उन चंचलता और शरारतों का आपने कभी बुरा नहीं माना। वे शरारतें आपके मन को पुलकित करती थीं, क्योंकि आप जानते थे कि उनके पीछे कोई गलत मंशा कभी नहीं रही।

तीसरी सालगिरह तक हम अपने पैर जमा चुके थे। प्रिंट के साथ-साथ डिजिटल संसार में भी हमारी धमक महसूस की जाने लगी थी। यू-ट्यूब, फेसबुक और ट्विटर के जरिये हम झारखंड के साथ-साथ देश-विदेश में अपनी पहचान बनाने में लग गये। आपका भरोसा और मजबूत होता गया और हमारा परिवार भी बढ़ता गया। झारखंड के शहरों से निकल कर हम प्रखंड मुख्यालयों तक पहुंचने लगे। आपके विश्वास और भरोसे की ताकत के साथ हमारा कारवां लगातार आगे बढ़ रहा था। साथ ही हमारी जिम्मेदारी, जो हमने पहले दिन ही अपने ऊपर ली थी, भी बड़ी हो रही थी। हमारी खबरों का असर होने लगा और हमारा उत्साह बढ़ने लगे।

कहते हैं कि अतिउत्साह में कभी-कभी गड़बड़ियां हो जाती हैं। हमसे भी हुई। आपने हमें ताकीद की और हम अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ते-बढ़ते चौथे साल में पहुंच गये। 2019 में देश में आम चुनाव हुए और साल के अंत में विधानसभा के चुनाव। अखबारों की प्रतिबद्धता आप समझने लगे। हमें भी कसौटी पर कसा गया, लेकिन हम संकल्पबद्ध थे कि हम न किसी का समर्थन करेंगे और न विरोध। आपकी पैनी नजर हम पर थी, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था। हमने आपको निराश नहीं किया। वस्तुपरक राजनीतिक रिपोर्टिंग और ठोस जानकारी के बल पर हम वहां तक पहुंच गये, जहां पहुंचने के लिए दूसरे अखबारों को सालों तक पसीना बहाना पड़ा। दिल्ली से लेकर रांची तक के सत्ता गलियारों और राजनीतिक दलों के दफ्तरों से लेकर नेताओं-कार्यकर्ताओं के घरों तक में जब भी किसी सूचना की विश्वसनीयता जांचनी होती थी, सबसे पहले आजाद सिपाही का नाम लिया जाने लगा। यह विश्वसनीयता हमने आपकी मदद से और अपने संकल्प से हासिल की। हमारी रिपोर्टिंग टीम वहां तक पहुंचती रही, जहां दूसरे अखबारों को मशक्कत करनी पड़ रही थी। यह सब संभव हुआ आपकी बदौलत। आपने हमें चलना सिखाया, फिर रास्ता भी दिखाया।

फिर आया 2020, जिसने न केवल मीडिया के सामने, बल्कि पूरे समाज के सामने अंधेरा कायम कर दिया। महामारी के दौर में मीडिया समेत दूसरे संस्थान सिमटने लगे, उनका दायरा छोटा होने लगा। लेकिन आजाद सिपाही के पास आपके भरोसे की पूंजी थी, जिसने हमें हिम्मत दी, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हमने संकट के इस दौर में भी अपनी हिम्मत बनाये रखी, तो इसके पीछे भी आप ही थे। दूसरे मीडिया संस्थानों में जहां पैर समेटने का दौर चल रहा है, हम आज भी अपने विस्तार में लगे हैं। हम आज झारखंड के हर प्रखंड मुख्यालय में मौजूद हैं। पड़ोसी राज्यों, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल तक में हमारी मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। महज दो-ढाई दर्जन सदस्यों का आजाद सिपाही परिवार आज चार सौ सदस्यों तक पहुंच चुका है। आज झारखंड के हर जिले में आजाद सिपाही का कार्यालय है, इससे जुड़े लोग हैं।

हमारी निष्पक्षता और विशुद्ध पत्रकारिता ने अभी हाल ही में संपन्न आम चुनावों में भी अपना झंडा गाड़ा है। हम कभी भी अपने संकल्प से डिगे नहीं। न किसी का पक्ष लिया और न किसी की अनावश्यक बुराई की। इसका नतीजा यह हुआ कि चुनावों के दौरान हमारे तमाम आकलन लगभग शत-प्रतिशत सटीक रहे। हम दावा नहीं करते कि हमने गलती नहीं की है, लेकिन यह गलती हर बार कुछ नये किस्म की थी, यानी मानवीय थी। हमने न अपनी गलतियों को छिपाया और न ही उसे बताने के लिए किसी का बुरा माना। आजाद सिपाही वह खुली किताब बन गया, जिसे कोई भी पढ़ सकता है, हर चीज पारदर्शी और साफ-सुथरी।

आज जब हम इस नौ साल के सफरनामे पर नजर दौड़ा रहे हैं, तो हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमने झारखंड की अखबारी दुनिया में एक मुकाम हासिल किया है। आजाद सिपाही के लाखों पाठकों के साथ-साथ हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये चार करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच रहे हैं। लगभग दो लाख सब्सक्राइबरों के जरिये आज हम झारखंड से सबसे दमदार न्यूज पोर्टल बन चुके हैं। हमारी व्यूअरशिप 20 करोड़ से अधिक मिनट की हो चुकी है। इतना सब कुछ होते हुए आज भी हमारा दामन पूरी तरह बेदाग है, क्योंकि आजाद सिपाही ने कभी सफलता का शॉर्टकट नहीं अपनाया। हमने कभी किसी का भयादोहन नहीं किया। कभी किसी से अंडर डीलिंग नहीं की। जिसने भी आजाद सिपाही को आंखें दिखाने की कोशिश की, उसे पहले आपके भरोसे की मजबूत दीवार दिखायी दी। मीडिया की दुनिया के स्याह पक्ष को हमने पहले दिन से ही वर्जनाओं की सूची में रखा था और आज भी इस पर कायम हैं। हमें यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि आजाद सिपाही का अब तक का सफर बहुत आसान नहीं रहा। रास्ते कठिन थे, चुनौतियां बड़ी थीं। लेकिन हमें भरोसा केवल अपने संकल्प पर था और आप तो हमारे संबल थे ही। बड़ी पूंजी, महंगे संसाधन और महंगे प्रचार हमारे लिए कभी नहीं रहे। हम अपनी मामूली स्थिति से ही संतुष्ट थे, इस संकल्प के साथ कि हम पारदर्शी तरीके से नैतिक रास्ते पर चलते हुए अपनी स्थिति सुधारेंगे। हम आज एक बार फिर आपको विश्वास दिलाते हैं कि हमारा वह संकल्प आज भी जीवित है। आजाद सिपाही के अब तक के सफर में आपने जो भरोसा दिया, संकट के दौर में हमारे साथ खड़े रहे, उसके एवज में आभार बहुत छोटा शब्द है। इसलिए हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि आपका सहयोग बना रहे, भरोसा कायम रहे। हम आपके और आप हमारे हैं।



# सरला बिरला स्कूल में कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम खुला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सीबीएसइ, माइक्रोसॉफ्ट और टेक अवांट गार्ड के सहयोग से सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम का उद्घाटन किया। इस हाइब्रिड लर्निंग क्लासरूम का कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक, प्राचार्या परमजीत कौर ने किया। गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम एक अभिनव शैक्षणिक पहल है, जो सीबीएसइ के प्रतिष्ठित पायलट प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को उन्नत डिजिटल उपकरणों और सहयोगी शिक्षण प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत करके क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस पायलट प्रोजेक्ट का लक्ष्य पारंपरिक कक्षा और विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य के बीच की खाई को पाटना है। मुख्य अतिथि डॉ गोपाल पाठक ने कार्ट बधाई दी। उन्होंने छात्रों से आत्मानुशासित और आत्मप्रेरित होने का आग्रह किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि यह पहल स्कूल के आदर्श वाक्य तमसो मां ज्योतिर्गमय से मेल खाती है, जिसका अर्थ है कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना।


# गोल इंस्टीट्यूट के सम्मान समारोह में नीट के टॉपर्स का लगा मेला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा नीट 2024 में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें गोल के झारखंड से सफल छात्रों को मेडल, एप्रोन और स्टेथोस्कोप देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीआइजी नौशाद आलम ने कहा कि यह गौरव की बात है कि झारखंड में गोल की मदद से इतनी संख्या में छात्र सफल होकर डॉक्टर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। समारोह में न्यूरो सर्जन डॉ आनंद कुमार झा, मेदांता हॉस्पिटल डॉ सतीश मेधा के अलावा कई अन्य सफल छात्रों से अनुभव को साझा किया। छात्रों की सफलता पर गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि इस सफलता का श्रेय छात्रों के अथक प्रयास, अभिभावकों का विश्वास और गोल टीम का लगातार सही दिशा में किया गया प्रयास को जाता है। कहा कि गोल इंस्टीट्यूट के रिजल्ट ऑरियेंटेड सिस्टम का कदम से कदम मिलाकर फॉलो करें, अगले वर्ष सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष नीट में गोल के 11 छात्रों ने 700 या उससे अधिक अंक प्राप्त किया। इनमें से एक छात्र 715 अंक भी प्राप्त किया है। साथ ही नीट में गोल से 6873 छात्र क्वालिफाइ किये, जिनमें से 581 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन मिलने की संभावना है। गोल इंस्टीट्यूट के आरएंडडी हेड आनंद वत्स गोल के नये सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष छात्रों को विशेष रूप से नीट के स्कोर के आधार पर वृहत पैमाने पर छात्रवृत्ति दी जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी गोल के रिजल्ट ओरियेंटेड क्लासरूप कोर्सेस फैसिलिटी ले पायें। 710 अंक प्राप्त शुभम कुमार ने कहा कि गोल संस्थान एक परिवार की तरह केयर किया है। समारोह का संचालन गोल के अभिषेक कुमार, संजय आनंद के द्वारा किया गया। इसमें गोल के केपी सिंह, शुभम, पुनम, साक्षी और कई अन्य गणमान्य सदस्य एवं शिक्षक मौजूद थे।




मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

# ट्री मैन राखी और पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पलामू के लाल कौशल किशोर जायसवाल ने 58 वर्षों में लगाये 50 लाख पौधे

आपने अभी तक स्पाइडर मैन एंड मेन मुस्लि मैन जरूर सुना होगा। लेकिन आज मैं मिलवाता हूं, झारखंड पलामू के ट्री मैन से। इन्होंने अपना पूरा जीवन पर्यावरण को समर्पित कर दिया। इनकी जीवनी के बारे में कौन बनेगा करोड़पति और यूपीएससी की परीक्षा में सवाल पूछे जाते हैं। इसे NCERT ने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। इन्होंने नीजी खर्च पर अपने जन्मभूमि पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल जहां पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर पार्क में विश्व के 22 देशों के पौधे लगाए हैं, वहीं कौशल किशोर जायसवाल पर्यावरण की नई परिभाषा गढ़ने के लिए विश्व के प्रथम पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। देश-विदेश में इन्होंने अब तक 62 अवार्ड से सम्मानित हुए हैं। 71 वर्षीय विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता रहे पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, इन्होंने पर्यावरण प्रकृति को बचाने प्रदूषण को भगाने के उद्देश्य से 58 वर्षों में 50 लाख से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण सह रोपण और 20 लाख से अधिक वनों के वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी के आयोजन कर उजड़े वनों को फिर से सघन वन बनाया। वे मलेशिया, सिंगापुर, नेपाल, भूटान व म्यांमार समेत देश के 22 राज्यों के 128 जिलों के लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्रों का पाठ पढ़ा चुके हैं।

- पौधा रोपण एवं वन संरक्षण को बनाना होगा जीवन शैली का अंग, नहीं चेते तो भुगतना होगा भीषण गर्मी का प्रकोप।
- पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के अंतर्गत हर व्यक्ति को जन्मदिन या अन्य शुभ अवसर पर उपहार स्वरुप पौधा देने का विधान है।


पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह पर्यावरण धर्मगुरू व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता
पर्यावरण विद, लावारिश सेवा केंद्र, पानी पंचायत एवं समाजसेवी

## मलेशिया और सिंगापुर में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल

### निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में

पर्यावरणविद कौशल ने 2023-24 का निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन मलेशिया और सिंगापुर में वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधों का वितरण कर किया है। इस दौरान उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व उत्कृष्ट कार्य के लिए आइकॉन ऑफ हिन्दुस्तान अवार्ड से नवाजे गये साथ ही उनकी धर्म पत्नी मुखिया पुनम जायसवाल को भी इस प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया। संस्था का विस्तार करते हुए मलेशिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विनी शर्मा को और सिंगापुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी को मनोनीत किया गया। दोनों राष्ट्रीय अध्यक्ष निःशुल्क पौधा वितरण शिविर के उद्घाटन में पलामू आएंगे। उन्होंने हिन्दुस्तान समेत मलेशिया और सिंगापुर के लोगों को बधाई।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बताते हैं कि 1966 में जब आकाल पड़ा तो खाने का अन्न और पीने का पानी भी नहीं मिल रहा था। उस वक्त सरई के फर, काना, गेठी खाकर किसी तरह से जान बचायी गयी। उस वक्त मां-पिता जी ग्रामीणों से बात कर रहे थे कि लगता है कि जंगल कटने से अकाल पड़ा है। उस बात को सुनकर 14 वर्षीय ललन (घर का नाम) ने अपनी जन्मभूमि छतरपुर के डाली बाजार रैयती भूमि 7.72 एकड़ पर जंगल लगाओ जंगल बचाओ अभियान की शुरुआत की और किसानों को भी प्रेरित किया। उस वक्त किसान अपनी निजी भूमि पर जंगल लगाने से डरते थे कि निजी भूमि पर जंगल लगाने से सरकार हम लोगों की भूमि ले लेगी पर कौशल किशोर जायसवाल हिम्मत नहीं हारी, कारवां बढ़ता गया। जब कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा लगाए गए पौधे 10 वर्षो में वृक्ष के रूप में कटने लगे तभी वनों को कटने से रोकने के उद्देश्य 1977 में इन्होंने पर्यावरण धर्म अपनाया और उसी के तहत महिलाओं को एकत्रित कर वनों पर रक्षाबंधन कर वन राखी मूवमेंट चलाया। यह मूवमेंट इतना कारगर साबित हुआ जो वन विभाग के द्वारा जंगलों की नीलामी कर वनों को कटवाया जाता था उसे बंद करवाने में कामयाबी मिली। यह कारवां धीरे-धीरे गांव से निकलकर विदेशों की धरती तक पहुंचने में सफल रहा।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने बताया कि जिस तरह सिख भाइयों को धर्म में पांच क से केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्क्षा रखने का विधान है **उसी तरह पर्यावरण धर्म 8 मूल ज्ञान मंत्रों में पांच ज और तीन प से कार्य करने का विधान है जैसे**

1. पौधों को जन्मदिन या किसी भी शुभ कार्य या श्राद्ध में लगायें, उनकी रक्षा करें और अतिथियों और बारातियों का स्वागत पौधा देकर करें।
2. पक्षी भी पर्यावरण के अंग हैं उन्हें भोजन पानी दें साथर ही बर्गद, पीपल के पौधे लगाएं।
3 प्रकृति की रक्षा करें।
4 लाचार, बीमार, अनाथ व दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद करें।
5 जल संग्रह करें, जल दूषित ना करें व पानी पंचायत अपनाएं।
6 जंगल लगायें, जंगल बचायें व वन्य प्राणीयों की रक्षा करें। यह वन विभाग के साथ-साथ हम सभी का कर्तव्य है।
7 जमीन में रासायनिक खाद ना डालें, बल्कि जैविक खाद या गोबर खाद का इस्तेमाल करें।
8 जंगली जानवरों को परेशान न करें। उन्हें भोजन पानी दें।


मलेशिया के ट्यून टावर के साथ प्रधान महासचिव सह डाली मुखिया पूनम जायसवाल


सिंगापुर की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांगी के साथ सिंगापुर में पेड़ पर राखी बांधते पर्यावरणविद कौशल एवं मुखिया पूनम जायसवाल


पलामू जिला के छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल सभा को सम्बोधित करते हुए


विश्व का पहला निर्माणाधीन पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर, जिले के छतरपुर के पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में


सिंगापुर और मलेशिया में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और प्रधान महासचिव पूनम जायसवाल को सम्मानित करते हिन्दुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर


मलेशिया में भगवान बुद्ध मंदिर के पुजारी को पौधा दान करते पर्यावरणविद कौशल एवं पूनम


पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को सम्मानित करते झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



पर्यावरणविद् कौशल व पूनम को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, साथ में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं सांसद संजय सेठ


पर्यावरणविद कौशल को सम्मानित करते तत्कालीन राज्यपाल सैयद सिब्ते

मो.: 7033470709 9471391455 Web.: www.paryawarandharamkoushalkishorejayswal.com

### मशीन खरीद की स्वीकृति दी गयी, जनजातीय भाषाओं के लिए हो अकादमी का गठन

# शिक्षकों की भी हो बहाली: डॉ लंबोदर

**गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं सहित प्रदेश के कई मुद्दों पर की चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या और राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान झारखंड की जनजातीय-क्षेत्रीय भाषाओं के लिए अलग-अलग भाषा अकादमी का गठन करने की ओर आकृष्ट कराया। कहा कि ऐसा होने से भाषाओं का विकास और संवर्द्धन हो सकेगा। उन्होंने मुंडारी, कुड़ुख, हो, खड़िया, संथाली, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी और पंचपरगनिया भाषा की पढ़ाई क्लास वन से लेकर पीजी तक सुनिश्चित करने पर भी बल दिया है और जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा के शिक्षकों की पद को स्वीकृति करते हुए इन पदों पर शिक्षकों की बहाली की मांग की है। कहा कि ऐसा करना आवश्यक है। उन्होंने जातीय जनगणना कराने और लंबित विधेयक को स्वीकृत करने की भी मांग की है। लंबित विधेयक के लिए कानूनी दृष्टिकोण अपने का आग्रह किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान गझंडी से हरलुंग भाया चतरो चट्टी और रजरप्पा से लेकर ललपनिया भाया बड़की पन्नू सड़क निर्माण की लंबित प्रशासनिक स्वीकृति की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री ने डॉ लंबोदर महतो की बातों और मांगो को ध्यानपूर्वक सुनकर सभी विषयों पर संबंधित विभाग को समुचित दिशा निर्देश देने को लेकर आश्वस्त किया।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने खिजरी विधानसभा के अनगडा प्रखंड के नारायण सोसो, जानुम, महुआटोली, झरनापानी, सोसोटोली, बेड़ाटोली गांव की महिला के साथ बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजनों की रोजमर्रा की समस्याओं से रू-ब-रू होना था। बैठक में अनिता देवी, रेणुका देवी, मीना देवी, विरोज देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष बने उमाशंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ का द्विवर्षिक आम सभा सह चुनाव संपन्न हुआ। संघ के सह सचिव हैप्पी किंगर ने सभा का संचालन किया। अध्यक्ष विक्रम खेतावत ने अध्यक्षता की। कोषाध्यक्ष सौरभ कटरुका ने 2022-24 का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। चुनाव संयोजक अनिल जालान ने सत्र 2024-26 के चुनाव में खड़े सभी उमीदवारों के संदर्भ में बताया। सत्र 2024-26 के लिए पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष उमाशंकर कनोडिया, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी-महेश बजाज, सचिव- हैप्पी किंगर, सह सचिव- विपुल जैन, कोषाध्यक्ष- सौरभ कटारुका को चुना गया।

# साइबर ठग असम से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग के साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरहादुर रहमान की गिरफ्तारी असम के धुबरी जिले स्थित फकीरगंज थाना क्षेत्र से हुई है। इसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद हुए हैं। डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला।

इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आइडी के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिये गये टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद वेबसाइट एकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के द्वारा किये गये इंवेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखायी देता था, लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से 29 लाख 94 हजार 50 रुपये की ठगी कर ली गयी। बता दें कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर और वीरेंद्र की गिरफ्तारी सीआइडी की टीम ने की थी।

### साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार गिरफ्तार

रांची। सदर थाना पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आइ फोन सहित 22 मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि साइबर अपराधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित इशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान संदिग्ध अवस्था में चार व्यक्ति को लैपटॉप, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक, मोबाइल और सीम कार्ड का उपयोग कर एनीडेस्क और अन्य एप्प के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया गया। टीम ने चारों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के साथ वे झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का धंधा फैलाना चाहते थे और इसी के तहत रांची में एक सेंटर खोला गया था।









# झारखंड में मानसून लेट, 19 तक देगा दस्तक

■ झारखंड में 54 फीसदी बारिश की कमी ■ 12 जून से पहले आ जाता था मानसून ■ पूरे राज्य में हीट वेब ■ सूख गये नदी-नाले और जलप्रपात ■ जून में बारिश होगी कम ■ जुलाई में हो सकती है भरपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भीषण गर्मी और मानसून में देरी के कारण झारखंड में बारिश में कमी 54 फीसदी हो गयी है। यह कमी और बढ़ सकती है, क्योंकि राज्य में मानसून 19 जून के आसपास आने की संभावना है। झारखंड में अधिकांश भागों में तापनान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है और शुक्रवार को डाल्टनगंज में राज्य का सबसे अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून की मौजूदा प्रगति धीमी है। 16 जून के बाद इसमें तेजी आने की संभावना है। झारखंड में मानसून 19 जून के आसपास आने की संभावना है। झारखंड में मानसून की सामान्य तिथि 10 जून है।

हालांकि मौसम विभाग के मानसून आगमन रिकॉर्ड के अनुसार, 2010 से यह 12 से 25 जून के बीच झारखंड पहुंचता रहा है। आनंद ने कहा कि मौजूदा स्थिति से पता चलता है कि जून में बारिश कम और जुलाई



में ज्यादा हो सकती है। झारखंड में 1 जून से 13 जून तक 43.4 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले मात्र 20.2 मिमी ही हुई है, जो 54 प्रतिशत कम है। चार महीने में बरसात के मौसम के लिए बारिश की गिनती 1 जून से शुरू होती है।

## झारखंड में जानलेवा गर्मी से 24 घंटे में आठ की मौत

रांची। झारखंड भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। शुक्रवार को भी झारखंड के 20 जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। पलामू, गढ़वा और आसपास में अगले 24 घंटे के दौरान भी हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट और राज्य के शेष भागों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पलामू का तापमान 45.2 डिग्री रहा। रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के कारण राज्य में मौत का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान लू से राज्य में आठ लोगों की मौत हो गयी। इनमें गढ़वा के विशुनपुरा में एक, हजारीबाग के चौपारण में एक, गुमला में एक, पलामू के रेहला में एक रिटायर्ड अमीन, लोहरदगा में एक, रामगढ़ में दो और घाटशिला में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। धनबाद के सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में डिहाइड्रेशन से एक ही दिन तीन बुजुर्गों की मौत हो गयी। इनमें भास्कर डे (84), जमुना (90) और मीनू भट्टाचार्य (82) के नाम शामिल हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि इस सप्ताह के मध्य तक राज्य के विभिन्न शहरों में अधिकतम तापमान 38 से लेकर 46 डिग्री सेल्सियस के रेंज में रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से लेकर 27 जून तक के हफ्ते के लिए जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के ज्यादातर इलाकों में सामान्य वर्षा होने की संभावना है। इसके बावजूद गर्मी से खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक और कुछ इलाकों में सामान्य दर्ज किया जा सकता है। इसका रेंज 34 से 40 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

# लैंड स्कैम से जुड़े कई आरोपियों के दर्जनों बैंक खाते इडी ने किये फ्रीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में इडी ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के सदस्यों के दर्जनों बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिये हैं। इस मामले में रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के प्रधान सहायक असित बरन दास, रांची नगर अंचल के सीओ मुंशी राम समेत दो दर्जन बैंक अधिकारी गवाह बन गये हैं। इडी ने रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारियों संजीत कुमार और तापस घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस की ओर से हेयर स्ट्रीट थाने में एक मामला भी दर्ज कराया गया था, जिसमें रांची की जमीनों से जुड़े फर्जीवाड़े की जांच की जा रही है।

**किनका खाता किया गया फ्रीज :** इडी ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि जमीन घोटाला मामले में प्रियरंजन सहाय और उनकी पत्नी के तीन बैंक खातों में जमा 24.90 लाख रुपये और छापेमारी के दौरान मिले छह लाख रुपये फ्रीज कर दिये गये हैं। वहीं नगर अंचल के लिपिक मनोज कुमार यादव का बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया गया है। जमीन सिंडिकेट के सदस्यों ने मनोज यादव और उनकी पत्नी रेखा यादव के बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों में कुल 5.07 लाख रुपये जमा कराये थे। इडी ने जांच में पाया है कि प्रियरंजन सहाय के इंडियन बैंक खाते में जमीन सिंडिकेट के लोगों ने 11 सितंबर 2019 से 11 जुलाई 2023 के बीच 15.18 लाख रुपये जमा कराये थे।

आरोपियों ने स्वीकार किया है कि ज्यादातर सौदे नकद में हुए थे। प्रियरंजन सहाय के खाते से जमीन मालिक के वंशज दिलेश्वर महतो, दिलनाथ महतो, गबेश्वर महतो से पांच लाख रुपये, 10 लाख 87 रुपये, 10 लाख 16 रुपये लिये गये। 18 फरवरी 2022 को कुमार राजश्री के खाते से 30 लाख रुपये और कुशवाहा इंजीकॉन के खाते से 10 लाख रुपये जमा किये गये।

इडी ने बताया है कि पैसों का लेन-देन 4.83 एकड़ जमीन के लिए किया गया था। जिसका एग्रीमेंट शेखर कुशवाहा और प्रियरंजन सहाय ने किया था। जबकि विपिन सिंह के खाते में 1 फरवरी 2019 से 30 दिसंबर 2023 तक 15.84 लाख रुपये जमा किये गये। जमीन के लिए सादे कागज की व्यवस्था करने वाले रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष और उनकी पत्नी के खाते में अलग-अलग तिथियों में कुल 8 लाख रुपये जमा किये गये। 6 अप्रैल 2022 को रांची से एक ही दिन में तापस के खाते में कुल 4.80 लाख रुपये जमा किये गये।

# मंत्री आलमगीर आलम समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गयी है। अब इनकी अगली पेशी 29 जून को होगी। मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत सभी नौ आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी ) से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हुई।

दरअसल, टेंडर घोटाला मामले में इडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। उस समय ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई इडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी इडी को मिली थी। उसके आधार पर इडी ने कार्रवाई करते हुए 6 मई 2024 को कई इंजीनियर, ठेकदार, कॉन्ट्रैक्टर और मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी।

उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से 37 करोड़ से अधिक कैश इडी की टीम ने बरामद किया था। 6 मई को मंत्री संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को पूछताछ के बाद 7 मई को इडी ने दोनों को गिरफ्तार किया था और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर इडी ने दोनों से पूछताछ की थी। वहीं, इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को इडी ने गिरफ्तार कर लिया था और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की गयी थी। 30 मई को आलमगीर आलम को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

## डीआरडीए कर्मियों का समायोजन

# फार्मूले पर नाराज हैं जिप के जनप्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीआरडीए कर्मियों के जिला परिषद में समायोजन के फॉर्मूले से जिला परिषद के अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि नाराज हैं। वे ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकाले गये संकल्प में कई विसंगतियां बता रहे हैं और इसे तत्काल दूर कराने के लिए आवाज भी अब उठाने की तैयारी में हैं। केंद्र के फैसले के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सरकारी कर्मचारी को छोड़ कर शेष संविदा कर्मियों का समायोजन समस्त आस्तियों और निधि के साथ जिला परिषद में कराने का निर्णय लिया है और इस संबंध में विगत दिनों आदेश जारी किया। 380 पदाधिकारी और कर्मचारियों का समायोजन जिला परिषद के एक कोषांग में करना है और इन पर नियंत्रण पूरी तरह से संबंधित जिले के डीडीसी और निदेशक लेखा नियोजन को दिया गया है। जिप अध्यक्षों की भूमिका काफी कम रखी गयी है। जिप अध्यक्षों का कहना है कि संकल्प में आस्तियां-निधि और कर्मियों का समायोजन तो जिला परिषद में करने की बात कही गयी है, परंतु उनके द्वारा क्रियान्वित किये जाने वाले कार्यों का उल्लेख नहीं किया गया है। कृत्य को छोड़ दिया गया है, जिसके कारण जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन में कठिनाई होगी। हालांकि, संकल्प में यह स्पष्ट किया गया है कि डीआरडीए कर्मियों का समायोजन के बाद कार्य आवंटन जिला परिषद कार्यालय द्वारा किया जायेगा। लेकिन यह भी कहा गया कि कोषांग में समायोजित डीआरडीए कर्मी जिला परिषद के स्थायी कर्मचारी नहीं समझे जायेंगे। अतः उन पर बिहार पंचायत समिति एवं जिला परिषद सेवाशर्त नियमावली प्रभावी नहीं होगी। ऐसे में जिप को पूरा अधिकार भी इन पर नहीं दिया गया है।

**जो काम करते आ रहे थे, उन कामों को जिला परिषद से नहीं कराया जायेगा :** डीआरडीए कर्मियों को जिला परिषद में समायोजन का निर्णय तो लिया गया है, लेकिन इसके साथ ही ग्रामीण विकास विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो काम वे जिला ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत रह कर करते आ रहे थे, उन कार्यों को अब जिला परिषद से नहीं कराया जायेगा।

मनरेगा, पीएम आवास, जलछाजन, एनएलआरएम, जोहार, विधायक योजना, एनआरइपी सहित प्रखंड और पंचायत स्तरीय योजनाएं और केंद्र तथा राज्य संपोषित योजनाओं का काम, जो ग्रामीण विकास विभाग के जरिये होता था, उन कार्यों को जिला परिषद से नहीं कराना है। इन कार्यों के लिए अब जिला उपायुक्त के अधीन जिला ग्रामीण विकास शाखा का गठन किया जायेगा।



## मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। मध्यस्थता केंद्र रांची में शनिवार को 10 वर्ष पुराने वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ श्रीमति सेवा चक्रवर्ती के अथक प्रयास और परिश्रम से सुलझा लिया गया। यह वाद माननीय राजेश कुमार सिंह, अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय-2 के न्यायालय से मध्यस्थ केंद्र रांची में मध्यस्थता के लिए आया था। उक्त भरण-पोषण वाद संख्या ओएम 82/2024 को अधिवक्ता मध्यस्थ श्रीमति सेवा चक्रवर्ती को मध्यस्थता के लिए डालसा सचिव कमलेश बेहरा के द्वारा सौंपा गया था। उक्त वाद का सार यह है कि प्रथम पक्ष पिंकी कुमारी व द्वितीय पक्ष अरविंद ठाकुर है। अरविंद ठाकुर के पहली पत्नी की मौत के बाद अरविंद ठाकुर ने पिंकी कुमारी से दूसरी शादी किया था। पहली पत्नी से अरविंद ठाकुर को 3 बेटी और एक बेटा है, तीनों अभी बालिग है। पिंकी कुमारी शादी होकर जब अपने ससुराल गयी तो बालिग बेटों ने पिंकी कुमारी को परेशान करना शुरू कर दिया। जब अरविंद ठाकुर ने इस बात पर कोई विरोध नहीं किया तो दूसरी पत्नी पिंकी कुमारी अपने ससुराल छोड़कर मायके चली गयी। लगभग 10 वर्षों से दोनों पति-पत्नी अलग रहने लगे। इसके बाद भरण-पोषण के लिए पिंकी कुमारी ने न्यायालय में यह वाद दायर किया था। उक्त वाद दो बैठकों में सुलझा लिया गया। वाद को सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थ सेवा चक्रवर्ती और दोनों पक्षों के अधिवक्ता उमेश सिंह और धर्मदेव ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जनता मजदूर संघ के कार्यालय में मनायी गयी सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि

पिपरवार(आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे शनिवार को जनता मजदूर संघ के संस्थापक सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनता मजदूर संघ के सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी बारी-बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनियन के सचिव रविंद्रनाथ सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह ने कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए काफी संघर्ष किया था। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर रविंद्रनाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, अशीष दुबे, बालेश्वर सिंह, जितेंद्र कुमार,आरएन पंडित, बिजय प्रसाद, मोहम्मद खुर्शीद, बिजेंद्र सिंह, विकाश कुमार,शम्भू नोनिया, निर्मल ठाकुर, परमात्मा नन्द सहित पिपरवार एवं मगध अमरपाली के यूनियन कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का नामकुम में भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ का नामकुम अवस्थित सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के आवास चौहान मेंशन के सामने सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड के सैनिकों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों द्वारा मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें पिछले दिनों खरसीदाग ओपी क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़ित महिला को न्याय दिलाने तथा दोषियों की पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गयी। मंत्री ने जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व मनोज सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा राज्यमंत्री का प्रभार देकर झारखंड का मान बढ़ाया है। कहा कि उनके विश्वास पर सांसद संजय सेठ खर्रा उतरेंगे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम की नारों से वातावरण गूंज उठा। मौके पर लोकसभा प्रभारी संजीव विजयवर्गीय, पूर्व सांसद अजय मारू का भी स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मनोज कुमार सिंह, कर्नल निलंबर झा, कर्नल मनोज कुमार, कैप्टन कैलाश कुमार, सूबेदार अरुण झा, सूबेदार ललन ठाकुर, अक्षय मिश्र, अरुण तिवारी, बिकु सिंह, प्रकाश



भारती, राजेंद्र सिंह, विकास कुमार, आनंद कुमार, बंटी पांडेय, अनिल सिंह, शत्रुघ्न तिवारी, कृष्णा, पृथ्वीराज, देवराज सहित सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रक्षा राज्यमंत्री से आवास पर की मुलाकात, दी बधाई



नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा और रामपुर बाजार स्थित आजाद हिंद फौज के स्वर्गीय वानेश्वर राय के पौत्र समीर राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को रांची हेहल स्थित रांची सांसद संजय सेठ के आवास जाकर उनसे मुलाकात कर उन्हें रक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अशोक मुंडा ने कहा कि यह रांची और झारखंड के लिए गर्व की बात है कि सांसद जी को रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। इसपर मंत्री संजय सेठ ने कहा कि मैं हमेशा आप सबों के लिए तत्पर रहूंगा। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य और उत्कृष्ट योगदान की कामना की है। बधाई देने वालों में अशोक मुंडा, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, विजेंद्र राय, राजू लकड़ा के साथ खिजरी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्लोबल विलेज परिवार ने रखा हजारों पौधे लगाने का लक्ष्य

राज्य रक्षामंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्लोबल विलेज परिवार पर्यावरण रक्षा हेतु 11000 बड़े बृक्षो का पौधा रोपन करने का संकल्प लिया है। इसका उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ के हाथों आरंभ हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्लोबल परिवार के रमेंद्र कुमार, जग्गू सिंह, राणा मिश्रा, स्वपन बाबला, सतीश मिश्रा, अभयरंजन श्रीवास्तव, सत्यगोपाल राय, किंकर, अमरीश, सुनील, अशिम चौधरी एवं अन्य कई सदस्य मौजूद थे। ग्लोबल परिवार का लक्ष्य 11000 पौधे लगाना व उसे बचाना है। इसके लिए ग्लोबल विलेज ने एक रूपरेखा तैयार की है और इनका आग्रह है कि लोग इसमें जुड़े और लोगों को यहां सहयोग किया जायेगा। ज्ञात हो की पूर्व में भी इस संस्था ने लाखों पौधे लगायें है।

# बीडीओ ने सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के जमुनी बहेरा टोली में शुक्रवार को ट्रांसफामिंग रूरल इंडिया के एचडीएफसी परिवर्तन प्रोजेक्ट के द्वारा समुदाय प्रबंधित सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली का उद्घाटन बीडीओ राहुल उरांव ने किया। मौके पर बीडीओ ने सौर सिंचाई से होने वाले लाभ के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा, वाटर युजर ग्रुप को सही तरीके से मोटर का रख राखव पानी का बचाव ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती करने सलाह देते हुए उन्होंने टीआरआई के कार्यों का सराहना किया। वहीं बीपीओ संजय तिर्की ने वर्षा के पानी को बचाने ले लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मेडबंदी, टीसीबी और बागवानी की जानकारी दी।



बेड़ो में सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी।

मौके पर पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया,मुकेश सिन्हा टीआरआई प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत सिंह, मो रुस्तम, नेहा रोबा तिर्की, सचिन सिंह, अरित्रा पात्रा, हब मैनेजर अख्तर मीरदाहा, पंचायत कर्मी प्रवीण, विकाश, राजू, संदीप, मुकेश, संजय, लक्ष्मी, गीता, अनिता, मीनू, रायमनी मौजूद थे।

## चुनाव ड्यूटी से लापता हुआ सीसीएल कर्मचारी 21 दिन बाद सकुशल बरामद



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के न्यू विजन गांव निवासी सीसीएल कर्मचारी दशरथ गंझु 21 दिन बाद सकुशल अपने घर पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार दशरथ गंझु सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी परियोजना में कार्यरत है। इस दौरान चुनाव ड्यूटी के लिए 24 मई को वह रांची गया हुआ था। चुनाव ड्यूटी संपन्न होने के बाद से वह लापता था। वहीं सीसीएल एनके एरिया प्रबधंन को भी परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बाद प्रशासन और प्रबंधन के द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी। इस बीच 13 जून को चंदवा के हिसरी गांव मे उन्हें देखा गया। दशरथ के सकुशल मिल जाने के बाद उनके परिजनों के अलावा प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली है। दशरथ गंझु के सकुशल मिलने के बाद उनके परिजनों के द्वारा गांव के मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इधर दशरथ गंझु के परिजनों ने दशरथ गंझु के सकुशल मिल जाने पर इसकी सूचना स्थानीय पिपरवार थाना और एनके प्रबंधन को दे दी है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी कर भाग रहा एक चोर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा, दूसरा फरार

इटकी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुन्दी गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर को चोरी कर ले भाग रहे दो चोरों में से एक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ धरदबोचा जबकि एक अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और सागर केरकेट्टा नामक चोर के साथ ट्रांसफार्मर को कब्जे में कर लिया है जबकि फरार छोटू अंसारी नामक चोर की तलास में पुलिस कई स्थलों में छापामारी जारी रखा है। गिरफ्तार सागर केरकेट्टा को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया है। अभियुक्त सागर केरकेट्टा और छोटू अंसारी कुन्दी गांव के निवासी बताये गये है। घटना को लेकर राजेश खलखो ने थाना में मामला दर्ज कराया है।



# टाटा स्टील यूआइएसएल ने विश्व डेंगू दिवस पर 'पलटी मार'अभियान की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** विश्व डेंगू दिवस पर टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा डेंगू के खतरे से निपटने के लिए एक व्यापक सामुदायिक सहभागिता अभियान की शुरूआत के लिए घोषणा की। विभाग की कठोर वैज्ञानिक नियंत्रण गतिविधियों में एंटी-लार्वा उपचार, फॉगिंग और व्यापक जागरूकता अभियान शामिल हैं। इसके लिए स्थानीय लोगो की सक्रिय भागीदारी के बिना डेंगू को नियंत्रित करना संभव नहीं है। शनिवार को टाटा स्टील यूआइएसएल ने जागरूकता बढ़ाने, रोकथाम को बढ़ावा देने व डेंगू से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया। मौके पर 'पलटी मार' नारे के साथ अपने सामुदायिक जागरूकता अभियान की शुरूआत की। यह अभियान नागरिकों को अपने घरों और उसके आस-पास मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों की खोज करने व उन्हें खत्म करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन सह सीएमओ डॉ. जुझार माझी, टाउन ओएंडएम के महाप्रबंधक आरके सिंह और टाटा मेन हॉस्पिटल की वरिष्ठ रजिस्ट्रार डॉ. विजया झा के साथ-साथ अन्य सरकारी स्वास्थ्य अधिकारी व विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अभियान के दौरान अबकी बार,पलटी मार का नारा के साथ नियमित रूप से निरीक्षण करने व उन कंटेनरों को पलटने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मच्छरों का प्रजनन चक्र केवल सात दिनों का होता है। इसलिए वयस्क मच्छरों को फैलने से रोकने के लिए नागरिकों को साप्ताहिक रूप से निरीक्षण करना महत्वपूर्ण है। टाटा स्टील यूआईएसएल ने व्यापक भागीदारी व प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सभी स्कूलों के प्रिंसिपलों,गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक नेताओं को पूरे समुदाय में संदेश प्रसारित करने में मदद करने की अपील की। साथ ही प्रत्येक नागरिक को सूचित कर अभियान में शामिल करने का आग्रह किया। वही एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में साप्ताहिक 'पल्टी मार' निरीक्षण के लिए प्रत्येक निवासी को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस दौरान क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया। क्यूआर कोड के माध्यम से तस्वीरें अपलोड करने पर टाटा स्टील यूआइएसएल के द्वारा उन्हें उपहार दिया जाएगा। वही बीते दिनों ऑनलाइन डेंगू क्विज में दस भाग्यशाली विजेताओं की घोषणा किया गया। जिनमें ऋषभ चौधरी राजीव शर्मा,सौरिम्य प्रतिहार, विकास कुमार,उषा देवी,साहिल कुमार सूरज कुमार,खालिद अंजुम,सोमा साह, सुमन कुमार मित्रा शामिल है। टाटा स्टील यूआइएसएल ने महत्वपूर्ण अभियान में शहरवासियों को शामिल होने का आग्रह किया।

# किसानों को मुफ्त में दिया गया क्रेट



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा शनिवार को रायडीह प्रखंड के 50 किसानों के बीच 50 क्रेट का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर संजय कुमार, वैज्ञानिक सुनील कुमार के द्वारा सर्वप्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद कैरेट के वितरण किया गया। वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के द्वारा पूरे जिले में 500 हेक्टेयर भूमि पर आम बागवानी की जा रही है। जिसके तहत रायडीह प्रखंड में फल उत्पादक सहयोग समिति के माध्यम से आम बागवानी की गई है। बागवानी के बाद आम के रख रखाव की परेशानी होती है। कैसे फलों को सुरक्षित रखा जाए और बाजार तक पहुंचाया जाए। इसका प्रशिक्षण दिया गया और कैरेट का वितरण किया गया। मौके पर मांझा, कटकाया, सिलम, रायडीह, केवाडीह के किसान मौजूद थे।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना परिसर में अगामी बकरीद का पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक, बीडीओ शशी संदीप सोरेन के अध्यक्षता मे रखा गया था और मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोगो को बकरीद पर्व का मुबारक और शुभकामना देते हुए कहा कि सभी धर्म के लोगो बकरीद के त्यौहार मे शांति व्यवस्था और मिलजुल मनाये। वही जिला परिषद दिलीप बड़ाइक ने कहा की जारी प्रखंड हमारा परमवीर अल्बर्ट एक्का का जन्मस्थली भूमि है और हम यहां 3 समुदाय के जाती रहते हैं। लेकिन हम सब हर त्यौहार में एक साथ मिलजुल मनाते हैं। चाहे वह कोई भी त्यौहार हो हिंदू का हो या मुस्लिम भाइयों का। वही थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने क्षेत्र में गोबिंदपुर, कमलपुर, तिगरा, जर्दा, परसा, और सिकरी के लोगो को शांति पूर्वक मनाने की अपील की और सोशल मीडिया पर आने वाले गलत जानकारी के चक्कर में ना रहने को कहा। वही बकरीद की नमाज जारी प्रखंड में सोमवार की सुबह 7 बजे अदा किया जायेगा। वही मौके पर जिला परिषद दिलीप बड़ाइक, विनय एक्का, मैकल कुजूर, फुलमैत देवी, रजनी मिंज, नंदकिशोर और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो उपस्थित रहे।

## मिलजुल कर मनायें बकरीद : एसडीपीओ



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमे गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर, प्रमुख पारस नाथ उरांव ने सभी लोगो को आपसी भाईचारे के साथ सोहर्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर काफी संख्या शांति समिति के सदस्य एवं गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस बटालियन मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गयी। सलामी लेने के बाद कमाण्डेन्ट महोदय ने गार्ड के जवानों व उपस्थित सभी अधिकारियों/कार्मिको को बटालियन के 21वें स्थापना दिवस की बधाई दी। ततपश्चात 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कमाण्डेन्ट ने सैनिक सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों/कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को वाहिनी के 21वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ–साथ बताया कि इस वाहिनी का गठन दिनांक 15/06/2004 को कादरपुर गुड़गांव में हुआ था। उन्होंने 158 बटालियन के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में बताया कि वर्ष 2013 से 158 बटालियन लोहरदगा जिले में तैनात है एवं इसके अतिरिक्त बटालियन झारखण्ड एवं अन्य राज्यो के विभिन्न भागों में नक्सलवाद, कानून व्यवस्था, चुनाव एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा तथा शांति से संबंधित मामलो के संदर्भ में कर्तव्यनिष्ठा तथा अदम्य साहस का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। बटालियन द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को भविष्य में भी जारी रखने की हार्दिक कामना की।

# गलत अफवाहों पर ध्यान न दें : शशि सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार ने की इस अवसर पर चंदवा अंचल पदाधिकारी चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी थाना प्रभारी शशि सिंह के द्वारा थाना परिसर में मौजूद चंदवा की जनता के साथ बकरीद को लेकर विशेष चर्चा की गई और वरिष्ठ नागरिकों ने इस दौरान कहा कि हमारे चंदवा में हिंदू और मुस्लिम भाइयों के द्वारा किसी भी त्यौहार में कौमी एकता पर ध्यान रखी जाती है और आज का समय है जो सोशल मीडिया के द्वारा कुछ लोग गलत अफवाह फैलता हैं उसे पर ध्यान देने की जरूरत है इस अवसर पर बैठक में लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार ने कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड में आज तक किसी भी प्रकार का कोई त्यौहार में किसी भी समुदाय के द्वारा गलती नहीं की गई है और सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं जो बहुत ही अच्छी बात है इसी क्रम में चंदवा अंचल के अंचल पदाधिकारी जयशंकर पाठक प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एवं समस्त पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कहा गया कि जनता किसी भी प्रशासन का आंख कान होती है अगर यदि किसी के द्वारा कोई गलत कार्य किया जाता है तो उसे पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी।

# स्वर्ण रथ की भव्य शोभा यात्रा आज, तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला में भगवान श्री सत्य साइ बाबा की स्वर्ण रथ के आगमन पर साइ भक्तों में उत्साह देखने लायक है । सिमडेगा नगर में शोभा यात्रा का कार्यक्रम 16 जून 2024 दिन रविवार को अपराह्न 4:00 बजे निकाला जायेगा। प्रिंस चौक दुर्गा पंडाल से शोभायात्रा का शुभारंभ शोभा यात्रा मुख्य सड़क से नीचे बाजार पेट्रोल पंप से घूम कर पुनः दुर्गा पूजा पंडाल प्रिंस चौक में भक्तों के द्वारा सत्य साइ बाबा का पूजन अर्चन सत्संग प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। सत्संग एवं महामंगल आरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा । श्री सत्य साईं सेवा संगठन सिमडेगा की ओर से श्रद्धालु भक्तों से हार्दिक निवेदन है कि वे निर्धारित समय से सत्य साइ बाबा के शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें । श्री सत्य साइ सेवा संगठन से जुड़े गणपति बडाइक एवं सुरेश चौधरी ने बताया कि श्री सत्य साईं बाबा के स्वर्ण रथ के साथ नगर शोभायात्रा में आगे आगे महिलाओं व विशेष भजन गायक की मंडली रहेगी। जबकि पीछे विशेष भजन गायक टीम व उनके साथ श्रद्धालु पदयात्रा करेंगे।

## बाइक से टक्कर में महिला की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मलगो गांव में शनिवार की देर शाम देर मोटरसाइकिल सवार ने मालगो गांव निवासी पैदल चल रही महिला को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। वही मोटरसाइकिल सवार बिशनपुर लपगा ग्राम निवासी विनय उरांव व अनुज उरांव घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया वहीं महिला मालती देवी को मृत घोषित कर दिया।


## गुमला में 15 से 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा का होगा आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत अच्छादित शेष लाभुको को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सदर अस्पताल, प्रज्ञा केंद्रों, एवं सहियाओं के द्वारा दिनांक 15 जून से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुलाबी, पिला, एवं हरा राशन कार्ड धारी अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड को दिखाते हुए निः शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं तथा उक्त योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड धारी राज्य के किसी भी राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में निः शुल्क इलाज ले सकते है ।










# सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें: मंत्री मिथिलेश

**संवेदनशीलता से अधिकारी जनता की सेवा में रहे तत्पर**

**पेयजल और स्वच्छता, उत्पाद और मद्य निषेध विभा के मंत्रिमिथिलेश ठाकुर की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में आज मंत्री, पेयजल और स्वच्छता, उत्पाद और मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार मिथिलेश कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस विभाग से जुड़े मामले, पेयजल औरं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा से जुड़े मामले, जिला कल्याण विभाग से जुड़े मामले, जिला समाज कल्याण विभाग, आवास योजना, मनरेगा, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, सहकारिता विभाग समेत अन्य कई विभागों से जुड़े मामले और योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गयी।

विकास योजनाओं की उक्त समीक्षात्मक बैठक में मंत्री श्री ठाकुर द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंताओं, अंचल अधिकारियों समेत अन्य पदाधिकारी से योजनाओं और कार्यों के संचालन संबंधी विषयों पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में विधि व्यवस्था को लेकर बात की। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर बताया गया कि जिले में आगामी बकरीद पर्व को लेकर विधि व्यवस्था का संधारण किया गया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा आम चुनाव का कार्य भी संपन्न कराया गया है। उन्होंने जिले में पिछले 5 वर्षों से लेकर अब तक की विभिन्न घटनाओं यथा- लूट कांड, हत्या, डकैती, गृहभेदन, फिरौती के लिए अपहरण, रंगदारी, आर्म्स एक्ट एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट आदि घटनाओं और कांडों के अनुसंधान एवं निष्पादन तथा वादों के लंबित होने की स्थिति से मंत्री श्री ठाकुर को अवगत कराया। लंबित वारंट की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। अवैध शराब की धर पकड़, अफीम, डोडा, गांजा, ब्राउन शुगर आदि पर भी की गयी छापेमारी से अवगत कराया गया। उक्त सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा कर मामले से अवगत होते हुए माननीय मंत्री द्वारा लंबित वाद एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित समीक्षा के दौरान भू-अर्जन को लेकर चर्चा की गयी, जिसमें एनएच 75 सेक्शन 5, खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन के लिए भूमि अर्जन के फलस्वरुप रैयतों के लिए मुआवजे के भुगतान स्थिति से अवगत कराया गया। मौके पर उपस्थित एनएचएआई और प्राधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों से भी बात की गयी और प्रोजेक्ट में देरी होने का कारण पूछा गया।

इसके अतिरिक्त कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, मनरेगा, राजस्व, जेएसएलपीएस और परिवहन विभाग आदि की भी एक-एक कर समीक्षा की गयी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपरोक्त के अतिरिक्त जिला परिषद अध्यक्ष शान्ति देवी, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी रंका/श्री बंशीधर नगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा, सिविल सर्जन गढ़वा समेत सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

ओरमांझी। 17 जून को मनाये जाने वाले बकरीद को लेकर ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक बुलायी गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने किया। बैठक में आये हुए बुद्धिजीवियों ने नशा के गिरफ्त में आने वाले युवाओं पर भी लगाम लगाने के लिए प्रशासन के समक्ष बातें रखी। बकरीद पर्व को शांति और भाईचारा के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख लालू, मुखिया दीपक, मुखिया रमेश आदि उपस्थित थे।

## सीनियर सिटीजन कानून की जानकारी जरूरी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची की टीम तमाड़ प्रखंड के बुनियादी विद्यालय प्रांगण में महिला समूह के महिलाओं को दी गयी। डालसा के अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा महिलाओं को अधिकार अधिनियम, सीनियर सिटीजन कानून, बाल श्रम बाल विवाह और डालसा से मिलने वाले नि:शुल्क विधिक सहायता और जेल में बंद लोगों के परिवार को कैसे सहायता दिया जाता है कानून संबंधी जानकारी दिया। साथ में आये लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय देते हुई कहा कि हम लोगों ने तमाड़ आकर बहुत अच्छा लगा आगे मौका मिले तो फिर आयेंगे। पी एल भी अनिमा मल्लिक ने सभी को धन्यवाद देते हुई कहा कि आप सब लोग लोक अदालत का लाभ उठायें।

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



राजीव आनंद

बीपीओ, इचाक

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



सुनीता देवी

मुखिया, डाढा पंचायत, इचाक



दयानंद कुमार

समाजसेवी, इचाक

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



मुन्ना सिंह

कांग्रेस नेता

हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



एकता वर्मा

प्रखंड विकास पदाधिकारी

कटकमदाग, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



नागेश्वर प्रसाद मेहता

खतियानी परिवार अध्यक्ष

अखिल भारतीय कुशवाहा क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



उमेश प्रसाद मेहता

चेयरमैन, जिला परिषद, हजारीबाग


आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



बसंत नारायण मेहता

जीप सदस्य, पदमा, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



बटेश्वर प्रसाद मेहता

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, बरकट्ठा विधानसभा, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



डॉ ओमप्रकाश

चिकित्सा पदाधिकारी

इचाक

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



संतोष कुमार

थाना प्रभारी

इचाक

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



रेणु कुमारी

कांग्रेस नेत्री सह प्रदेश सचिव, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा

हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



शमशेर बहादुर

थाना प्रभारी

कोर्रा

हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



पंकज कुमार

थाना प्रभारी, कटकमदाग, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



प्रशांत कुमार

अंचलाधिकारी, कटकमदाग, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



नीलम देवी

अध्यक्ष, दामोदर महिला मंडल, पदमा

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई




माउंट लिटरा जी स्कूल

सिलवार हजारीबाग

निवेदक - शशि शंकर प्रसाद(निदेशक) और आर के सिंह (प्रिंसिपल)

## कतरास मोड़ में स्व सूर्यदेव सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जन सैलाब

# विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया है, ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे : रागिनी सिंह





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी-बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगं की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। रागिनी सिंगने कहा कि 33 साल के बाद भी विधायक जी को चाहने वालों में कोई कमी नहीं आई है। भीषण गर्मी में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे है। विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया, आज भी वही समय मिल रही है। उनके चाहने वालों को हम पूरे परिवार छाया की तरह उनके साथ है। जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। युवाओं को खास कर के रागिनी सिंह की ओर झुकाव देखा गया। युवा सेल्फी लेते रहे। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत किया। जमसं के संयुक्त महामंत्री व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने कहा कि उनका एवं उनका परिवार का हमेशा पिता की तरह जनता की सेवा में तत्पर है। कोयलांचल में जब भी कुछ होता है सूर्यदेव सिंह की चर्चा करने से लोग पीछे नहीं हटते। झरिया की जनता की हर सुखदुख में हमेशा साथ रहूंगा।

## महाधिवक्ता राजीव रंजन बने केडीसीए के अध्यक्ष

# खूंटी में क्रिकेट के विकास के लिए होगा काम : राजीव रंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष बनाये गये है। खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन की शनिवार को हुई विशेष आम सभा बसंत कॉम्प्लेक्स में हुइ, जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में राजीव रंजन के नाम पर मुहर लगायी। ज्ञात हो कि निवर्तमान अध्यक्ष एसबी सिंह ने व्यस्तता के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि खूंटी जिले में क्रिकेट का विकास तेजी हो तथा यहां के खिलाड़ी हर



फॉर्मेट राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करें, इसके लिए समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है, उसे पहचान कर तरासने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी में जेएससीए की एकेडमी स्थापित करने के लिए क्रिकेट मैदान बनाया जायेगा। मैदान कें लिए जमीन का चयन किया जा रहा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का एसोसिएशन के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसबी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार, सचिव अवधेश कश्यप, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, अजित जायसवाल, प्रवीण कुमार श्यामसुंदर कच्छप, देवा हस्सा, सुनील मिश्रा, मनोज जैन, विकास मिश्रा, अरुण मिश्रा, सोनू महतो, रोबर्ट, सुधांशु आदि उपस्थित थे। बैठक के बाद अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारी डीसी लोकेश मिश्र से मिले। अध्यक्ष ने डीसी से स्टेडियम कें लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। डीसी ने जल्द जमीन उपलबध कराने का आश्वासन दिया।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, आइआरबी जवान की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तोरपा-कर्रा मुख्य पथ के बाला डुमारी गांव के समीप शनिवार को कार और मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान ऑस्कर हेमरोम(36 वर्ष) के रूप में की गई। वह तोरपा थाना के बारकुली रायटोली का रहने वाला था और



इंडिया रिजर्व बटालियन धुर्वा में पदस्थापित था। जानकारी के अनुसार ऑस्कर हेमरोम बारकुली राय टोली स्थित घर से अपनी मोटरसाइकिलजे(एच01 बीके 5738) से रांची जा रहा था। उसी दौरान बाला डुमारी गांव के पास तेज गति आ रही एक कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को ठोकर मार दी।

इससे ऑस्कर गिरर गया और वहीं उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जरियागढ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा।

# प्रबल इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है : लोकेश मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

खूंटी। जिला प्रशासन की पहल पर जिले में शिक्षित युवाआं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से धुनिया वेंचर प्रा लि 50 बच्चों के लिए कोडू क्लास का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को किया। कोडू क्लास अनुमण्डलीय लाइब्रेरी के भवन जो सेनिटेशन पार्क के निकट है, में संचालित किया जा रहा है। कोडू क्लास के माध्यम से 50 छात्र-छात्राओं को तकनीकी विषय की निःशुल्क कोचिंग और अन्य प्रशिक्षण देकर विभिन्न आईटी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध




कराया जायेगा। उपायुक्त की इस नयी सोच से बच्चे लाभान्वित होंगे और उन्हें रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इस कोर्स को करने से खूंटी जिले के छात्रों को नई दिशा प्राप्त होगी और वे लोग बेराजगारी से छुटकारा प्राप्त कर सकेंगे। उक्त संस्था में दिल्ली और हरियाणा के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त से उनके अनुभव की जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि किस प्रकार पूरी लगन के साथ उन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। प्रबल इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि अभाव में भी प्रभावी होने का अवसर है। आवश्यकता है बढते जाने की। उद्घाटन कार्यक्रम में श्याम नारायण राम, उप विकास आयुक्त, अपरूपा पाल चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, ज्योति कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नलिनी रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्रजेश, जिला फेलो और संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

## रेल आंदोलनकारियों ने कतरासगढ़ स्टेशन पर अपना 8 वां विरोध दिवस मनाया

# डीसी रेल लाइन बंदी सरकार और डीजीएमएस की थी साजिश : विजय झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** रेल आंदोलनकारियों ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पर पहुंचकर अपना 8 वां विरोध दिवस मनाया। इस दौरान सभी लोग हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए थे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि भारत सरकार ने डीसी रेल लाईन के नीचे आग होने का झूठा रिपोर्ट दिखाकर 15 जून 2017 को हमेशा-हमेशा के लिए 26 जोड़ी ट्रेनों को बंद कर दिया था। लेकिन कतरास कोयलांचल की जनता ने करीब 20 महिना तक लंबा अहिंसात्मक आंदोलन चलाया। मजबूर होकर सरकार को




धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाईन को पुनः चालू करना पड़ा। यह जनता की जीत थी। उस काले दिन को रेल आंदोलनकारी आज भी याद कर सरकार और सरकारी तंत्र की कुनीनियों का विरोध करते है। रेल आम जनता की सेवा है। गरीबों को लाभ से बंचित करने की साजिश है। झा ने कहा कि डीजीएमएस के उचाधिकारी चुनाव से पहले चुप्पी साधे हुए थे और चुनाव संपन्न होते ही सरकार की तोता की तरह बोलने लगे हैं कि डीसी को आग से खतरा है। आग की बात पुरी तरह से फर्जी हैं। यह सरकार को खुश करने वाली बात है। अधिकारी सुरक्षा की बात करे। अगर आग है तो कैसे बचाव हो। इस पर बोले. अन्यथा कतरास की जनता डीजीएमएस कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। रेल आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि रेल बंदी का साजिश जब तक चलेगा। तब तक यहां की जनता विरोध करती रहेगी।

मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, गौतम मंडल, उमेश ऋषि, नरेश दास, विक्की मालाकार, नसीरुद्दीन खान, जटल दास, दिनेश जेठवा, विनोद शर्मा, कमलदेव सिंह, मिथुन कुम्हार आदि मौजूद थे।

## पुंडीदीरी में महिला छऊ नृत्य का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** जेठ संक्रन्ति के शुभ अवसर पर आदिवासी मुंडा समाज द्वारा साल का अंतिम दिन छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। नृत्य का उद्घाटन समाज सेवी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय नेता हीरालाल दास, आयोजन कमिटी के सदस्यों एवं गणेश ब्राह्मण द्वारा बिधिवत पूजा पाठ और फीता काटकर किया गया। उस्ताद कुमारी गीतामणि देवी और उस्ताद कुमारी सुचित्रा मांझी दोनों पश्चिम बंगाल के बीच कांटे का टककर देखने को मिला। कलाकारों के द्वारा समाजिक और धार्मिक कहानी पर आधारित तरह तरह के नृत्य कला का प्रदर्शन से दर्शक रातभर खूब आनंद लिए। इस अवसर पर मुख्यरूप से सुशील मुंडा, बुधनलाल मुंडा संतोष मुंडा, नंदलाल मुंडा, अशोक दास, कृष्ण मुंडा, राजेंद्र मुंडा, भूतनाथ मुंडा, संदीप कुंडू,लीलमोहन मुंडा,अम्बिका प्रामाणिक, कालीचरण प्रामाणिक बुधराम मुंडा, दिगंबर लोहरा, सुरेश मुंडा राजेन मुंडा, सुखदेव मुंडा, पूरन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, शिवशंकर मुंडा, पवन कुंडू एवं काफी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## ग्राम देवता की पूजा कर मांगी गयी मनोकामना



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जेष्ठ संक्रांति के अवसर पर राजो पर्व धुमधाम से मनाया गया।राजो पर्व में गांव में ग्राम देवता का पूजा किया जाता है ओर अच्छी बारिश ओर अच्छी फसल होने की कामना की जाती है। बिष्टाटांड़ निवासी किसान रतिलाल महतो ने बताया कि राजो पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष गांव में चंदा इकट्टा कर-के भेड़ा,बकरा,मुर्गा आदि का गराम थान में बलि किया जाता है ओर क्षेत्र में अच्छी फसल ओर अच्छी बारिश होने की मनोकामना की जाती है ताकि किसान अपना अच्छी फसल उगाई कर सके, वही किसान रति लाल महतो ने बताया कि पूर्वोंजों से चली आ रही परम्परा को हम सभी बचाए रखे है और आगे भी रखेंगे,राजो पर्व के बाद ही कृषि की कार्य का शुरूवात किया जाता है, खेत में धान की बुआई की जाती है और घर से खेत में गबर डाला जाता है ताकि अच्छी खेती हो पाए।

# बीएसएल में स्टील उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप के विकल्प के रूप में स्लज ब्रिक्स का उपयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने सेल के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) के सहयोग से सस्टेनेबल स्टील उत्पादन की दिशा में एक बड़ी पहल करने में सफलता हासिल की है। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन और अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद तथा अधिशासी निदेशक (आरडीसीआइएस) रांची संदीप कर के नेतृत्व में आरडीसीआइएस और बीएसएल की संयुक्त टीम ने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले मिल स्केल और



स्लज जैसे उच्च लौह युक्त अपशिष्टों को रिसाइकिल कर स्लज ब्रिक्स सफलतापूर्वक विकसित और निर्मित किया है। सेल में पहली बार और संभवतः इस्पात उद्योग में पहली बार 15 जून 2024 को स्लज ब्रिक्स को बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस) के कन्वर्टर्स में चार्ज किया गया। मिल स्केल और स्लज का पुनर्चक्रण सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन के लिए काफी अहम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप का इस्तेमाल आमतौर पर कूलेंट के रूप में किया जाता है। अधिकांश एकीकृत इस्पात संयंत्रों में नई तकनीकों को अपनाने और प्रक्रियाओं के अनुकूलन से इन-हाउस स्क्रैप की उपलब्धता में कमी आई है। एक तरफ आंतरिक स्क्रैप की कमी और दूसरी ओर बाहरी स्त्रोत से उपलब्ध स्क्रैप की उच्च लागत एक बड़ी चुनौती थी। इस पृष्ठभूमि में स्लज ब्रिक्स के निर्माण और एसएमएस-क्क में स्क्रैप के बदले इसके इस्तेमाल की पहल की गयी। इन ग्रीन ब्रिक्स ने परीक्षणों में बहुत उत्साहजनक परिणाम दिए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि स्लज ब्रिक्स जल्द ही बीएसएल में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा बन सकता है।

इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने कहा कि यह सफलता न केवल इस्पात उत्पादन की लागत को कम करने में मदद करेगी, बल्कि बीएसएल और अन्य सेल संयंत्रों के डी-कार्बोर्नाइजेशन और सर्कुलर इकोनॉमी के उद्देश्यों में भी मदद करेगी।

## माता देवड़ी का आशीर्वाद लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री सह सांसद ने किया क्षेत्र का भ्रमण

# आम जनता की मदद के लिए 24 घंटा तैयार रहूंगा : संजय सेठ





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़/तमाड़।** रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर ईचागढ़ विधानसभा का दौरा किया और मतदाताओं व कार्यकताओं को बधाई एवं आभार व्यक्त किया।जगह जगह पर सांसद को कार्यकर्ताओं के द्वारा बुके व माला पहनाकर कर स्वागत किया। रांची से आने के क्रम में रंगामाटी चौक, टीकर, मिलन चौक, तिरुलडीह, कुकड़ू, सिरुम, छूतरडीह, पुरियारा, आदरडीह, निमडीह, चांडिल स्टेशन चौक, चौका, उर्माल पर कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। वंही सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईचागढ़ कि जनता ने जिस तरह से अपने पक्ष में मतदान किया है और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री बनाकर दायित्व सौंपा है,उसे हर संभव निभाने का प्रयास करूंगा। कहा कि पिछले पांच साल का कार्यकाल में विकास कार्य और जनताओं के हर कार्यक्रम में शामिल होकर समान रूप से कार्य किया, इस बार बड़ा दायित्व के साथ क्षेत्र का विकास करना ही पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि सांसद थे उस समय भी कार्यकर्ताओं के फोन रिसीव करते थे,अब भी मंत्री बने है फिर भी 24 घंटा आम जनताओं के मदद के लिए तैयार रहूंगा। सांसद ने बताया कि ईचागढ़ के लोगों को आभार व्यक्त करने आया हूं। साथ सभी केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर रांची लोकसभा के विकास हेतु विचार विमर्श कर कार्य किया जायेगा। मौके पर आजसू नेता हरेलाल महतो, भाजपा नेता विनोद राय, देवशीष राय, सारथी महतो, मधु गोराई, ठाकुरदास महतो, विश्वनाथ उरांव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, तुलसी महतो, दिलीप दास, भगत सिंह मुंडा उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से गिरने से दो युवक घायल

**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सीसीटांड मोड़ के समीप संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना शनिवार सुबह की 9 बजे की है। दो युवक मोटरसाइकिल से राहे से बुंडू की ओर जा रहे थे। सीसीटांड मोड़ के घुमावदार सड़क पर असंतुलित हो कर गिर पड़े। घायल युवक निरंजन कुमार और विश्वनाथ कुमार तमाड़ के रहने वाले हैं। काफी देर तक सड़क में गिरे रहने पर आसपास के लोग जमा हुए और दोनों को उठाएं। 108 पर एंबुलेंस मंगाई गई पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाया। स्थिति बिगड़ते देख समाजसेवी गंगाधर साव ने अपने निजी वाहन से बुंडू रेफरल अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान एक की स्थिति गंभीर बनी हुई।

## बकरीद को लेकर राहे में शांति समिति की बैठक संपन्न

**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी फैज रब्बानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आपसी भाईचारे व सौहादपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी की सजगता जरूरी है। साथ ही बकरीद के पर्व को शांति,सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। इन्होंने त्याग व बलिदान के पर्व बकरीद को शांति व सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाने तथा पर्व के दौरान अफवाह से बचने का आह्वान किया। मौके पिंटू कुमार,मनोज चटर्जी,सुशांत सिंह,मुरलीधर सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, जिप सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया कृष्णा पातर, बिलु ठाकुर, जगन्नाथ मुखर्जी, क्षेत्रमोहन महतो, अमजद अली, कासिम अंसारी, वकील अंसारी, अक्षय महतो, राज किशोर मुंडा, संजय महतो मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1262 Dated 10.06.2024.
1. MANGAL DEO ORAON @ MANGALDEV ORAON @MANGAL DEV ORAON ,S/o- Late Soma Oraon,resident of Vill -KDH Miners' Colony P.o- Dakra Colliery P.s- Khalari Dist- Ranchi Jharkhand-829210 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows: 1. That I am a CCL Employee working under IWSS,Filter Plant, N.K.AREA.G.M.UNIT at the Post of ASST. FOREMAN, having PIS No- 14330948. 2. That my wife is being known by the name of Palho Oraon, Palho Orain and Palho Devi. All these names belongs to my wife. 3. That in my service Sheet there are some mistakes in the name/ date of birth of my family members which do not match with the documents possessed by my sons. 4. That I was unknown about such mismatching/mistake and when I came to know the realities .I do hereby apply for correction in the name/ date of birth recorded in my service Sheet. 5. That I want that the real and actual name and date of birth of my said family members should be recorded in my Service Sheet as per the documents possessed by them which reads as under:-

| S.No. | Name in CCL | Relation | D.O.B. in CCL | Correct ( Name/D.O.B) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Phalo Oraon | Wife | 21 Yr. 1989 | Name - Phalo Orain 01-01-1970 |
| 2. | Sandeep Oraon | Son | 02 Yr. 1989 | Name - Sandeep Kumar Oraon 15-08-1989 |
| 3. | Sunita Oraon | Daughter | 1.5 Yr. 1992 | Name - Sunita Kumari 20-05-1992 |
| 4. | Santosh Oraon | Son | 2.5 Yr. 1995 | Santosh Kumar Oraon 01-09-1995 |

.6. That this affidavit is sworn for rectification in the name / date of birth of said sons and to be recorded in my service sheet as per the documents possessed by them
.7. That para 1 to 6 are correct and genuine to the best of my knowledge and belief if found wrong or concealing the fact I shall be fully responsible for the same.Sworn and signed this affidavit at Ranchi on : 10.06.2024 The deponent has been identified by

# परिणाम की समीक्षा के बाद कार्रवाई पर होगा विचार : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लातेहार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में चतरा लोकसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी नवनिर्वाचित चतरा लोक सभा के सांसद कालीचरण सिंह समेत बड़ी संख्या में चतरा लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं इस बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिन बूथों पर बीजेपी की बढ़त हुई है या मतदान कम हुआ है उस बूथ के कार्यकर्ताओं से राय शुमारी की गयी। वहीं भारतीय




जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ जाने को कहा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कहा गया था कि सभी लोकसभा सीटों की समीक्षा करेंगे हारेंगे या जीतेंगे और कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लेंगे। जिन बूथों पर हमने लीड ली है, उसका कारण भी जानेंगे और जिन बूथों पर हम लीड नहीं कर सके और पीछे रहे, इसका भी कारण जानेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में 15, 16 और 17 जून को सभी 14 लोकसभा सीटों में बैठक हो रही है और कार्यकर्ताओं से राय मशविरा कर रहे हैं, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में और मजबूती से लड़ सकें।

वहीं चतरा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि झारखंड में सरकार बनानी है और बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनायेंगे। कालीचरण सिंह ने महागठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरा देश ही देख लिया कि महागठबंधन सरकार बनाने के लिए कितना तैयार था।

# शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें बकरीद : डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम की अध्यक्षता में शनिवार को हरिहरगंज थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति के बैठक संपन्न हुई।बैठक में डीएसपी ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बकरीद पर्व को लेकर उनके सुझाव और बातों को सुना। उन्होंने



कहा कि हरिहरगंज की पहचान यहां भाईचारे और आपसी सौहार्द के रूप में जानी जाती है, बकरीद का त्योहार क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन अलर्ट है। पर्व को लेकर सभी समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई। उन्होने कहा की सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का अफवाह या भ्रम न फैलाएं इस पर भी प्रशासन की नजर रहेगी। वहीं पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने कहा कि लोग किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें, किसी तरह की कोई बात हो तो सीधे प्रशासन को इसकी सूचना दें।उन्होंने कहा कि मीडिया का रोल भी सहयोगात्मक रहा है। उन्होंने बकरीद पर्व को लेकर सभी को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि पूरी आशा है कि हरिहरगंज में यह त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न होगा। बैठक में एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, विगेश कुमार राय, अविनाश कुमार, हेमंती बासुकी, एएसआइ संजय कुमार सिंह, शांति समिति के सदस्य में भोला प्रसाद, सहित दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित थे।






# 18 जून को हुसैनाबाद में बैठक करेंगी कल्पना सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के रुद्रा होटल के सभागार में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। यह बैठक आगामी 18 जून को झारखंड के गांडेय विधानसभा विधायक सह झामुमो की नेता कल्पना मुर्मू सोरेन के हुसैनाबाद आगमन को लेकर हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सचिव डॉ ऐजाज आलम व संचालन जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने किया। इसमें कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू ने कहा कि बहन कल्पना सोरेन का यह कार्यक्रम हुसैनाबाद में ऐतिहासिक होगा। इसे सफल बनाने को लेकर पार्टी कार्यकर्ता तन मन से जुटे हुए हैं। मौके पर पार्टी के वरीय नेता नेहाल असगर, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा, मुन्ना कुमार देव, जाकिर अली, प्रमोद सिंह, योगेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, संजय पाठक, सरवरी खातुन, मेराज, डबली, सद्दाम हूसैन,सिबतेंन मिर्जा आदि लोग मौजूद थे।









## जांच अभियान में चार वाहन जब्त



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर 14 जून की रात्रि में ज़िला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा।मौके पर अन्य लोग मौजूद रहे।

## सोने चांदी के भाव में गिरावट होते ही सोना महल में उमड़ी ग्राहकों की भीड़



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के चर्चित ज्वेलरी शोरूम में से एक सोना महल में इन दोनों सोने - चांदी का भाव में गिरावट आने से ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। 18 कैरेट गोल्ड रेट 5690 प्रति ग्राम एवं 22 कैरेट गोल्ड रेट 6690 प्रति ग्राम एवं चांदी का भाव 74 रुपए प्रति ग्राम होने से ग्राहक अपनी मनपसंद गहनों की खरीदारी एवं बुकिंग सोना महल से करा रहे हैं। शोरूम के संचालक संतोष लाल सर्राफ एवं धनंजय लाल सर्राफ का कहना है कि गोल्ड ज्वेलरी की बुकिंग में डबल प्रोटेक्शन फैसिलिटी ग्राहकों को मिल रही है। इसमें ग्राहक अपने ज्वेलरी बुकिंग के बाद डिलीवरी तक भाव कम होने पर काम हुआ भाव ही ग्राहकों को मिलेगा। ग्राहक सोना महल के इस ऑफर से काफी खुश है। शहर में सोना महल दिन प्रतिदिन अपने गुणवत्ता एवं आधुनिक डिजाइनर वाले गहनों से ग्राहकों की पहली पसंद बन चुकी है। सोना महल में ईएमआई द्वारा आसान किस्तों पर भी ज्वेलरी उपलब्ध हो रहा है, जिसमें ग्राहक 6 महीने से 3 साल तक आसान किस्तों में पैसा दे सकते हैं।

## संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात होगा : एसडीपीओ



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आगामी 17 जून को होने वाले बकरीद पर्व को लेकर सिसई थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ नितेश रौशन खलखो ने की। बैठक में शांति समिति के सदस्य व मुस्लिम समुदाय के सदर के द्वारा पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में होने वाली कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व समय अनुसार सभी जगहों पर नमाज अदा की जायेगी। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से व हर्षोल्लास के साथ बकरीद पर्व मनाने का निर्माण लिया गया। इस दौरान एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात की जाएगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गशती भी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी।कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, सदर सलमान अली, सेकेट्री समसामुल हक, करकरी सेकेट्री मुमताज अली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डालसा ने अस्पताल में पानी और ओआरएस का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के बीच पानी और ओआरएस का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को



शुद्ध पानी व ओआरएस का पैकेट दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रहा है जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

## अच्छा काम करने वाले बीएलओ को बीडीओ ने किया सम्मानित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर को प्रखंड कार्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सुप्रिया भगत द्वारा सम्मानित किया गया।इस मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत ने सभी बीएलओ ओर सुपरवाइजरों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति अभी से बनाने और चुनावी मोड़ में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो कमिया रह गयी थी या जो परेशानी हुई उसे बिंदुवार चयन कर अभी से उसका समाधान कर चुनाव में अपना पूर्ण योगदान देना है। सीओ नरेश कुमार मुंडा द्वारा भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ ओर सुपरवाइजर के सुखद भविष्य की कामना की गयी।







# संथाल समाज का राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** संथाल समाज का राष्ट्रीय स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कुजू में आयोजित की गयी। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के झारखंड प्रतिनिधि झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन बिहार के दिनेश मरांडी, सहसंचालन झारखंड के नरेश हांसदा और दीपक टुडू ने किया। कार्यक्रम शुभारंभ का समाज के वीर शहीद बाबा तिलका मांझी, सिद्दो कान्हो, फूलो झानो, रघुनाथ मुर्मू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन के दौरान देश के विभिन्न राज्य बिहार, उत्तरप्रदेश, आसाम, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्य के समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान शामिल लोग संथाली समाज के वेश-भूषा में तैयार होकर सम्मेलन में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संथाल समाज का समिति गठन और नामकरण को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सम्मेलन में विनोद किस्कु ने कहा कि संथाल समाज हर समाज से बेहतर समाज है। इस समाज को हम सभी लोग मिलकर भारत के सभी राज्यों में रह रहे हमारे समाज के लोगों को एकजुट करने व समाज के धरोहर को बचाने के लिए यह सम्मेनल का आयोजन किया है। दो दिवसीय सम्मेलन में भारत में एक संथाल समाज का गठन किया जायेगा। जिसमें कई राज्यों के प्रतिनिधि का चयन कर लोगों को जगाने का काम करेंगे। हमारे समाज में अभी कई लोग अशिक्षित होने के साथ केंद्र सरकार के द्वारा मिलने वाले आरक्षण नहीं मिल पाता है। इसलिए आज हम सभी लोग एकत्रित होकर कैसे समाज का विकास हो इस पर चर्चा भी करेंग। वहीं 6 राज्यों से आये लोगों ने भी अपनी-अपनी बातों को रखा। इससे पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया।



## तीन वाहनों की टक्कर में तीन लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो - पिपचो मुख्य मार्ग स्थित रघुनियाडीह में 2 चार पहिया वाहन की आपस मे टक्कर होने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति व एक बुजुर्ग महिला खड़ी थी तभी ओमनी सवार को अपने चपेट मे लिया जिसमे स्कूटी सवार सहित तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार एक चार पहिया वाहन ने अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार को पहले अपने चपेट मे लिया।







## बालू घाट की नीलामी को लेकर आक्रोश



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के द्वारा बालू घाट अनापत्ति को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया बसंती पन्ना द्वारा किया गया। बैठक में नावाडीह पंचायत के ग्रामीणों ने बालू घाट से बालू का उठाव नहीं होने देने को लेकर आक्रोशित दिखे और बालू उठाव का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि नावासडीह बालू घाट से कोई भी हाल में बालू का उठाव होने नहीं दिया जायेगा। क्योंकि पूर्व में बालू का उठाव होने से नावाडीह गांव के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही बताया कि बालू का उठाव नहीं हुआ था, उस समह 12 फीट पर पानी निकल जाया करता था। आज के दिनों में दो से तीन सौ फिट बोरिंग करने के बाद भी पानी की समस्या खत्म नहीं हो रही है और पानी को लेकर प्रखंड में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण किसी भी हाल में बालू का उठाव नहीं होने देंगे। जान दे देंगे लेकिन बालू का उठाव होने नहीं देंगें। इस मौके पर उप मुखिया रोशनी परवीन, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के अलावा काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थें। ग्रामीणों ने उपायुक्त से बालू के उठाव पर रोक लगाने की मांग की है।


















# केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिले डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को विश्रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी इनदिनों दिल्ली प्रवास पर है। दिल्ली प्रवास के दौरान आज वे केंद्र के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। एवं मंत्री बनने पर बधाई दी। ईश्वर सागर चंद्रवंशी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिक्षा से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा करते हुये उन्हें विश्रामपुर स्थित अपने विश्वविद्यालय आने का निमंत्रण भी दिया। धर्मेंद्र प्रधान श्री चंद्रवंशी के बातों से काफी खुश दिखे तथा उनका निमंत्रण स्वीकार करते हुये विश्रामपुर आने का भरोसा दिलाया।

# एक शिक्षक के लिए विद्यार्थियों को समझना महत्वपूर्ण है : केसरी

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सीबीएसई गाइड लाइन के आलोक में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है, जो शिक्षकों को ऐसी तकनीक और आधुनिक शिक्षा रणनीतियों से लैश करता है। जो उन्हें अपने छात्रों से बेहतर तरीके से जुड़ने उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक और छात्र दोनों क्रमशः एक दूसरे के पूरक हैं जो सीखने और सिखाने की दिशा में निपुणता हासिल करते हैं और इसका प्रभाव सकारात्मक परिणाम वाला होता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षकों की प्रशिक्षित करना मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी के छात्र पारंपरिक शिक्षण विधियों को नहीं समझते हैं। हम आज के छात्रों को कल के तरीकों से नहीं पढ़ा सकते हैं जबकि उन्हें योग्य बनाने के लिए आधुनिक शिक्षण प्रणाली होनी चाहिए। आज का मुख्य विषय स्ट्रेस मैनेजमेंट रहा। मुख्य रिसोर्स पर्सन्स के रूप में शिक्षक अभिषेक पांडेय पीजीटी और संतोष प्रसाद पीआरटी के द्वारा अत्यंत प्रभावशाली विचार और सुझाव व्यक्त किये गये जो प्रसंशनीय और अनुकरणीय रहा। बीच-बीच में बोझिल स्थिति को खेल के माध्यम से हल्का किया गया तथा शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

वहीं रिसोर्स पर्सन को अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मंच का संचालन खुर्शीद आलम तथा स्वागत भाषण उप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक मुकेश कुमार भारती, वीरेंद्र साह, सुनीता कुमारी, रिया सिंह, शिवानी कुमारी, रिजवाना शाहीन, सीमा श्रीवास्तव तथा प्रोजेक्टर मैनेजमेंट श्रेया आनंद वहीं अन्य शिक्षक उपस्थित रहें। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एआइ बेस्ड ऑटोनॉमस रोबोट फॉर फार्मेसी एप्लीकेशन के शोध कार्य का पेटेंट कराया

## कुलाधिपति दिनेश सिंह ने सभी को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित फार्मेसी कॉलेज वनांचल कॉलेज आफ साइंस में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट इंडिया पेटेंट कार्यालय भारत सरकार की ऑनलाइन पोर्टल पर एआई बेस्ड ऑटोनॉमस रोबोट फोर फार्मेसी एप्लीकेशन का शोध कार्य का पेटेंट कराया गया। जिसमें मुख्य भूमिका के रूप में डॉक्टर मनीष दुबे प्राचार्य फार्मेसी कॉलेज तथा उनके सहयोगी के रूप में सहायक प्राध्यापक नेहा खरे दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता तथा व्याख्याता आनंद गुप्ता नये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड ऑटोनॉमस रोबोट फोर फॉर्मेसी एप्लिकेशन पर इस शोध कार्य का पेटेंट प्राप्त किया। यह पेटेंट कार्यालय भारत सरकार पोर्टल पर डिजाइन नंबर 413785-001 और क्रमांक संख्या 171864 पर पंजीयन प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि फामेर्सी कॉलेज के द्वारा प्राप्त किया गया। यह बड़े गर्व का विषय है इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्राचार्य डॉक्टर मनीष दुबे और उनके टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धि विवि को गौरवांवित करता है। उन्होंने पेटेंट प्राप्त करने वाली टीम को बधाइ दी। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर लल्लन कुमार ने कहा इस तरह के शोध कार्य निश्चित रूप से विश्वविद्यालय की छवि को निखार देता है। फामेर्सी कॉलेज द्वारा प्राप्त इस पेटेंट का सभी महाविद्यालय के प्राचार्य और प्राध्यापक एवं अध्यापकों ने बधाई और शुभकामनाएं भेंट की। महाविद्यालय द्वारा प्राप्त इस प्रकार की उपलब्धि ने सभी को प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी और आने वाले समय में निश्चित रूप से इस तरह की शोध कार्य हमारे विवि में होते रहेंगे। यह अन्य फामेर्सी कॉलेज के लिए प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेगा।

# सोन नदी के किनारे मिला वृद्ध का शव

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर गांव निवासी नवरंगी चौधरी 75 वर्ष का मृत शरीर शनिवार की सुबह संदीग्ध अवस्था में होने का मामला प्रकाश में आया। परिजनों ने बताया कि नवरंगी शुक्रवार की सुबह अपने घर श्रीनगर से अपने बहन के घर लोहरगड़ा पंचायत के गुरूर गांव में जाने की बात को बताकर निकला था। लेकिन शाम को परिजनों के द्वारा जब बहन के घर से मोबाइल पर बातचीत हुआ तब जानकारी हुआ कि नवरंगी चौधरी शाम तक भी बहन के घर नहीं पहुंचा था। इधर हरिहरपुर गांव से उतर सोन नदी में झाड़ी में अनजान व्यक्ति का शव होने की सूचना शनिवार की सुबह गांव में आग की तरह फैल गया। कुछ ही समय में श्रीनगर गांव के लोगों ने शव की पहचान किया। हरिहरपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

# बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना परिसर में आज ईद उल उजहा बकरीद को लेकर दिन शनिवार को पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुस्लिम धर्मवाल्मीबियों ने बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में पुलिस और निरीक्षक चंदन कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार हमें शांति का संदेश देता है, उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से 17 जून को बकरीद पर शांतिपूर्ण और हर्षाल्लास के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह पर ध्यान नहीं देने बात कही गयी। अपवाह की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि उसे पर तिवृत्ति कार्रवाई किया जा सके। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो डॉक्टर बिजय किशोर रजक उस्मान अंसारी अंचल निराकछक शिव राम झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, राजेश ठाकुर, बिरजू सिंह आदि उपस्थित थे।

# उच्च विद्यालय के छात्रावास का गेट तोड़कर चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के बगल में अवस्थित +2 उच्च विद्यालय के छात्रावास में चोरों ने गेट तोड़कर चोरी की बहुत बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना का पता तब चला जब शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओं के नामांकन एडमिशन के लिए स्कुल पहुंचे थे। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 21 मई को विद्यालय मे गर्मी छुट्टी होने से पहले उन्होने स्वयं विद्यालय के रखरखाव और ताला गेट इत्यादि के सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित बंद किया था। वहीं गत 21 मई गर्मी की छुट्टी समाप्त होने के बाद जब शनिवार को विद्यालय मे आये तब एडमिशन कराने आये छात्र-छात्राओ ने उन्हें बताया कि छात्रावास में पशु, गाय और बैल अंदर घुसे हैं। इसके बाद प्रधानाचार्य छात्रावास के गेट पर पहुंच तो उन्होंने देखा की ग्रील में बाहर से ताला जड़ा हुआ है, तब वह पिछे की गेट की तरफ पहुंचे तह वहां का मंजर देखकर प्रधानाचार्य के होश उड़ गये। उन्होंने बताया कि पिछे का गेट तोड़कर चोरों ने छात्रावास के अंदर घुसकर छात्रावास के रूम में रखे डनलप का बेड, कुर्सी, इलेक्ट्रॉनिक वायरिंग का बिजली बोर्ड इत्यादि कबाड़कर चोरी कर लिया गया है। प्रधानाचार्य ने तुरंत लिखित आवेदन धुरकी थाने को दिया है, आपको बता दें छात्रावास में चोरी की घटना यह कोइ पहलीबार नही हुई है, दस वर्ष पहले भी इसी छात्रावास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पानी का टंकी और कई कीमती सामान चोरी किये थे, हालांकि पुलिस ने दस वर्ष पहले की चोरी की घटना का उद्भेदन भी शीघ्र कर लिया था। इधर छात्रावास में चोरी की घटना के बाद शिक्षक कर्मी परेशान हैं।

# पत्रकार कृष्ण यादव की दादी का निधन



फाइल फोटो : मुशनी कुंवर

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबनी गांव निवासी दैनिक आजाद सिपाही अखबार के पत्रकार कृष्णा यादव (टाईगर) की 95 वर्षीय दादी मुशनी कुंवर का शनिवार की सुबह समय आठ बजे निधन हो गया। बता दें कि पत्रकार के दादी के निधन के बाद गांव सहित आस पास के क्षेत्रो में शोक की लहर बनी हुई है। उधर निधन के सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगो ने परिजनों से मिलकर ढाढंस बंधाया। मृतक अपने पिछे तीन बेटे रामचंद्र यादव, भोला नाथ यादव, छोटे बेटे योगेंद्र यादव सहित कुल पोता पांच और पोती सात सहित घर में पूरा भरा परिवार को छोड़ कर चल बसी मृतक के परिजनो में का रो रोकर बुरा हाल बना है। बता दें कि मृतक के अंतिम दाह संस्कार शनिवार की समय तीन बजे बूढ़ीखो धोबनी में कि जायेगी।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**रंका (आजाद सिपाही)।** बकरीद की त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने को लेकर रंका थाना में शांति समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल नायक ने उपस्थित सभी लोगों खासकर मुस्लिम समुदाय से बकरीद की त्योहार को प्रेम भाईचारे के साथ शांति पूर्वक मनाने का अपिल की। बैठक में पुलिस इंसपेक्टर जितेंद्र आजाद ने भी दोनों समुदाय से शांति पूर्ण रूप से आपसी सद्भावना के साथ बकरीद मनाने को कहा। इस बैठक में प्रतिबंधित पशु की बलि नही देने का निर्देश दिया गया। ताकि कहीं से किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं हो। इस मौके पर रंका अंजुमन कमेटी के सदर शोएब खलीफा, सुमन सिंह, सुरेश पांडेय, पूर्व मुखिया मालती देवी, उतम पांडेय, झामुमो नेता संजय सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।







# मनिका प्रखंड में मनरेगा की टीसीबी योजना के नाम पर हो रही है घुसखोरी

## बीडीओ और बीपीओ के संरक्षण में ब्लॉक को घुसखोरी का बना दिया गया है चारागाह : बलवंत सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के नाम पर घुसखोरी का खेल लगातार जारी है। अधिकारियों एवं मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से मनिका ब्लॉक को लूट का अड्डा बना दिया गया है क्षेत्र वासियों को छोटा काम हो या बड़ा लेकिन अधिकारियों को बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई भी काम पूरा नहीं होता है कुछ योजनाओं में तो चढ़ावा चढ़ाने के बाद भी काम नहीं किया जा रहा है और ना ही लोगों के पैसे वापस किए गए हैं ऐसा ही एक मामले के विषय में मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया है। मौके पर बलवंत सिंह ने बताया कि मनिका ब्लॉक को बीडीओ और बीपीओ के संरक्षण में पूर्व से ही घूसखोरी का चारागाह बना दिया गया है हाल में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू किया गया था जिससे पूर्व में मनरेगा योजना अंतर्गत लगभग 2800 टीसीबी के नाम पर क्षेत्र के 15 पंचायत के लाभुकों से लगभग 1 करोड़ 40 लाख रुपए की अवैध उगाही किया गया है लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी लाभुकों का टीसीबी आज तक शुरू नहीं हुआ है जिससे साफ तौर पर कहा जा सकता है कि मनिका ब्लॉक में अफसर शाही हावी है बीडीओ,बीपीओ और मनरेगा कर्मियों ने मनमानी करके ब्लॉक को चारागाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी की जवाबदेही होती है इसके बावजूद अगर ब्लॉक में कोई भी अधिकारी घुस ले रहा है तो कहीं ना कहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी की इसमें संलिप्ता है। ब्लॉक के अधिकारी आखिर किसके संरक्षण से बेखौफ होकर आम जनता से अवैध पैसे की उगाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनिका ब्लॉक में इस तरह के अफसर शाही और मनमानी का मैं हमेशा से विरोध करते आया हूं। उन्होंने लातेहार उपायुक्त से मामले को गंभीरता पूर्वक जांच करते हुए संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई का मांग किया है।

**कई ग्रामीणों ने कहा बिना पैसे का नहीं होता काम**

मामले के सम्बंध में फोन के माध्यम से जब प्रखंड क्षेत्र के कुछ पंचायत के ग्रामीणों से बात किया गया तो नाम नहीं बताने के शर्त पर कई ग्रामीणों ने कहा कि आचार संहिता से पूर्व टीसीबी योजना के नाम पर प्रत्येक लाभुक से 3000 की अवैध उगाही की गई है लेकिन आज तक ना लाभुकों को योजना का लाभ मिला है और ना ही उन्हें पैसे वापस दिए गए उन्होंने बताया कि बिना पैसे के ब्लॉक में कोई भी काम नहीं किया जाता है।

# पांच दिवसीय योग और आर्ट एंड क्राफ्ट कैंप का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में दिनांक 11 जून से 15 जून तक आयोजित पांच दिवसीय योग तथा आर्ट एंड क्राफ़्ट कैंप का आज समापन हो गया। पतंजलि योग समिति गुमला के जिला प्रभारी भोला प्रसाद के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया एवं योग के गुर सीखे। प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने सभी प्रतिभागियों को समर कैंप सर्टिफि केट प्रदान किया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य ने योग प्रशिक्षक को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को रोज योगाभ्यास की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक लचीलेपन को प्राप्त करने की एक अनुशासित विधि है। यह हमें शरीर और मन को नियंत्रित करने की तकनीक सिखाती है। बदलती जीवन शैली के वर्तमान परिपेक्ष्य में शरीर और मन से संबंधित विभिन्न समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग 'समय की आवश्यकता' बन गया है। भोला प्रसाद ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है. योग विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु योग करने से चेहरे पर कांति एवं तेज आता है। सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ ने बताया कि योग की गुरुता एवं महत्ता को दर्शाने तथा आर्ट एवं क्राफ़्ट के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए इस कैम्प का आयोजन किया गया। योग शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने आइसक्रीम का भी लुत्फ उठाया एवं वे इस शिविर से काफी प्रसन्न नजर आये।

## लोगों को नहीं मिल पा रहा पेड वाटर एटीएम का लाभ

**सिमडेगा(आजाद सिपाही)।** सिमडेगा नगर परिषद के द्वारा लोक जन कल्याणकारी कार्य ध्यान में रखकर दो पैड वाटर एटीएम जिले में स्थापित किया गया। पदाधिकारीयो के द्वारा कर्मियों की जवाब देही व स्थल चयन, विभाग के द्वारा देखभाल की मॉनिटरिंग ना होने के कारण लाखों रुपया लगाकर लगाए गए वाटर एटीएम का लाभ जिले वासी व्यवसायी यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों की माने जिले में वाटर एटीएम की स्थापना 2020-21 में किया गया। डेली मार्केट सब्जी व्यवसायी व छोटे दुकानदारों को ध्यान में रखकर एटीएम का स्थापना वेंडिंग जोन में सब्जी विक्रेताओं एवं ग्राहकों के लिए किया गया। जो कि आज तक चालू ही नहीं हुआ । जबकि दूसरा वाटर एटीएम का स्थापना बस स्टैंड में राहगिरो एवं बस वालों के लिए किया गया।

## पांदन टोली गांव में लू लगने से छात्रा की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के पांदन टोली गांव निवासी 16 वर्षीय मोनिका कुमारी की लू लगने के कारण इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई मृतका के बड़े भाई संतोष नागेसिया ने जानकारी देते हुए बताया शुक्रवार को मेरी बहन को बहुत तेज बुखार था। इसके बाद सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था लेकिन इलाज के क्रम में ही मेरी बहन की मौत हो गई। संतोष नागेसिया ने बताया उनका परिवार नवागढ़ पतरा टोली में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार लाल के यहां नौकर का काम किया करते थे। मेरी बहन भी उन्हीं के यहां रहकर पढ़ाई लिखाई करती थी। और इस बार दसवीं की परीक्षा लिखी थी। घटना की सूचना पर विनय कुमार लाल सदर अस्पताल पहुंचे और मृतिका के शव को उसके गांव पांदन टोली पहुंचाया। शव पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे।

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
सुदेश महतो जिंदाबाद चंद्र प्रकाश चौधरी जिंदाबाद
रौशन लाल चौधरी
आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी
निवेदन संदीप कुशवाहा
केंद्रीय सदस्य आजसू पार्टी

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
मुकेश कुमार सिंह
थाना प्रभारी बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
कुलदीप कुमार
एसडीपीओ बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
अंबा प्रसाद
विधायक बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
संजीव कुमार बेदिया
झामुमो केंद्रीय सचिव
निवेदक - प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह उपाध्यक्ष मोहन सोरेन प्रखंड सचिव सरोज मेहता प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
बालेश्वर राम
अंचलाधिकारी बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी
समाजसेवी बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
रंजीत कुमार मेहता
मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
मो. तकरीमुल्लाह खान
मुखिया बड़कागांव मध्य पंचायत

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
जितेंद्र कुमार मंडल
बीडीओ बड़कागांव

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
रामभजन लाल महतो
क्षेत्रीय सचिव
अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ, कुजू प्रक्षेत्र
जिला उपाध्यक्ष आजसू पार्टी, रामगढ़

समस्त राँची वासियों को
आजाद सिपाही के 9वें स्थापना दिवस पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक : एक शुभचिंतक, राँची

स्थापना दिवस के अवसर पर विलेज रिजॉर्ट सुलजोड़ी और सोनालिका लॉज तिरला की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
शादी विवाह एवं ठहरने का उत्तम प्रबंध 24 घंटा आपके लिए
निवेदक- मृत्युंजय महतो

स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
धीरज कुमार महतो

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
संदीप साहू
वरिष्ठ नेता, भाजपा, आरा सारुबेड़ा (रामगढ़)
मनीष जायसवाल
सांसद, हजारीबाग

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
दिगंबर पाण्डेय
प्रभारी, कुजू ओपी

## बीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा की



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं, 15 वें वित्त आयोग, अबुआ आवास योजना, मनरेगा और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में 15 वें वित्त आयोग के तहत कम राशि खर्च करने वाले पंचायत घरौंजा, डंडाडीह, गडगी, ककरचोली, गोहाल, कंद्रपडीह, रुपायडीह आदि संबंधित पंचायत सचिव पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और अगले एक सप्ताह में जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजनाओं में तेजी से कार्य कराते हुए प्लिंथ स्तर के भुगतान की कार्रवाई करने का निदेश दिया। पंचायत सचिवों को शत प्रतिशत आवासों का निरीक्षण करते हुए जियो टैग करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें ग्राम पंचायतों को मानव दिवस सृजन के लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया। साथ हीं जल्द से जल्द को निर्माण की योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास रणनीति के अनुसार गतिविधियां संचालित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड समंवयक रवि कुमार, विवेक कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण कुमार, मनोज कुमार, पंचायत सचिव पिंटु कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, बिंदु कुमारी, शिवकुमार यादव, सुरेश चंद्र पासवान, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, पंकज कुमार, सुनील कुमार यादव, अनिल कुमार यादव, रोजगार सेवक अजय कुमार, धीरज कुमार, इरफान उल हक सहित कई लोग मौजूद थे।

## हाजी गफूर खान का निधन, शोक



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेठीयाबागी निवासी समाजसेवी इम्तियाज खान के पिता 88 वर्षीय हाजी गफूर खान का निधन उनके निवास स्थान पर हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे चार पुत्र और तीन पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। शुक्रवार को स्थानीय कब्रिस्तान मे उनके जनाजा को सुपर्दे ए खाक कर दिया गया। उनके जनाजा की नमाज मे आस पड़ोस के काफी लोगों ने शिरकत किया। हाजी अब्दुल गफूर दो बार हज कर चुके थे। उनके निधन पर मुखिया कौसर खान, मुमताज खान, सरकार खान, इबरार खान, एकरार खान, शेख सलीम, इनामूल शेख, शहनवाज खान, मो अजहर, सरवर खान, सगीर खान, हमीद खान, मिस्टर खान, अल्ताफ आलम, सराफ्त शेख, नौसाद आलम, मेराज खान, मजहर खान समेत कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।

## बिजली की समस्या को लेकर बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख-मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा- निर्देश दिया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ-वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नये बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा- निर्देश दिया। मौके पर विशेष रूप से बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, इएसइ हजारीबाग अशोक कुमार उपाध्याय, इएसइ रामगढ़ संतोष कुमार सिन्हा, इइ हजारीबाग अंगेश कुमार, इइ रामगढ़ देश राज, इइ कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ हजारीबाग सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित अधिकारी शामिल हुए ।

# लोधमा में धूमधाम से मनी मंडा पूजा

**पीठ पर कील ठोक झूलन झूले, आग में नंगे चल कर दिया आस्था का परिचय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा त्योहार धूमधाम से मनाया गया, इस मौके पर रात्रि में छउ नृत्य संस्कृति कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रघु यादव, विशिष्ट अतिथि शंभू बेदिया और बबलू यादव के द्वारा संयुक्त रूप से, सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का विधिवत अतिथियों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया, मौके पर देर रात पुरुलिया बाघमुंडी और बांकुड़ा की कलाकारों द्वारा मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया जिसका आनंद ग्रामीणों ने रात भर खूब लिया, शनिवार के सुबह दर्जनों भोक्ताओं द्वारा लहलहाते आग के अंगारों पर चल कर दी शिव शक्ति और आस्था की परीक्षा, तत्पश्चात दर्जनों शिव भक्तों ने 20 फीट की ऊंची झूलन झूलकर भगवान भोले के प्रति आस्था रखा गया, इस मौके पर धनेश्वर यादव भानु यादव प्रकाश यादव गोपाल यादव, मदन यादव, सुरेश यादव, देवनंदन बेड़िया हीरा गोप, शैलेंद्र यादव अरविंद यादव राजू यादव नरेश बेदिया दिलीप यादव, राजू यादव, अजीत यादव, नरेश बेदिया मनोज यादव, गंजलाल यादव, त्रिभुवन बेदिया, झरी बेदिया, गोपाल यादव, ललकु बेदिया आदि दर्जनों का योगदान रहा।

### सेल संचालन समिति ने आउटसोर्सिंग कंपनी का काम कराया ठप

# रोजगार में 75% भागीदारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** सेल संचालन समिति सौन्दा बस्ती के तत्वावधान में ग्रामीणों ने शनिवार को बरका सयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माइनिंग का काम सुबह आठ बजे से ठप करा दिया। विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने कंपनी के कार्य को बाधित करते हुए धरना पर बैठ गये। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और संचालन सचिव अंबर कुमार ने किया। नेतृत्व कर रहे समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद ने कहा कि आरए माइनिंग कंपनी मनमानी कर स्थानीय लोगों की अनदेखी कर रही है। कंपनी में कुछ लोगों को ही रोजगार मिला है। कहा गया कि राज्य सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक रोजगार में स्थानीय लोगों की 75% भागीदारी दिया जाये। ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को हो रहे नुकसान की भरपाई भी अविलंब किया जाये। इसके साथ ही सौंदा बस्ती में सीसीएल द्वारा बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। वहीं काम ठप किये जाने की सूचना पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। मौके पर हरिनारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, मंजू देवी, अंजू बाउरी, संजू प्रसाद, अंजू प्रजापति, रेनू देवी, चांदनी देवी, अदिति देवी, राधा देवी, सोमरी देवी, कुलेश प्रसाद, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू बाउरी, पवन बाउरी, मिंटू प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, किसन प्रसाद, संजय गिरी, फुलवा देवी, गीता देवी, आरती देवी, अवंती देवी, पूनम देवी, मंजू देवी बसंती देवी, मीना देवी, देवंती देवी, आशा बाउरी, रीता देवी, संदीप कुमार, तिलेश्वर साहू, राहुल कुमार, राजदीप प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सीएसआर विभाग ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउंडेशन के सीएसआर विभाग द्वारा शुक्रवार ओपीजेसीसी उचरिंगा के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआर प्रमुख रवि निवास, डॉ मंजू मिश्रा, ओपीजेसीसी के प्राचार्य एस साहू और गजाला मैडम द्वारा किया गया। मौके पर रवि निवास ने कहा कि आज के परिवेश में रक्तदान करने वाले से महान कोई नहीं है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को समाज की ओर से प्रोरत्साहित करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान महादान का नारा बुलंद करते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की अपील की। ताकि समाज में किसी भी व्यक्ति का रक्त के अभाव में मृत्यु ना हो सके। इस अवसर पर पूर्व में रक्तदान किए हुए 40 रक्तदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही आने वाले समय में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की लिए प्रेरित करने की बात कही गयी। मौके पर डॉ मंजू मिश्रा ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। मौके पर जेएसपी के दर्जनों अधिकारी, कर्मचारी ओर शिक्षकगण मौजूद थें।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**मरकचो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार को मुस्लिमों का पवित्र पर्व बकरीद को शांति पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह रिंकू, एसआई विशाल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिह ने की जबकि संचालन एस आई विशाल कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में बकरीद शांति पूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने पेयजल मरकच्चो दक्षिणी पंचायत और मध्य पंचायत में नियमित और सुचारू रूप से नहीं पहुंचने पर आवाज उठाई गयी। बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू ने हाइवा के परिचालन के समय में फेर बदल और मरकच्चो में बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर आवाज उठाई गयी। बैठक में सीआइ दिनेश राम, पंचायत सचिव सियाराम सिंह, मुखिया सुनील यादव, सुरेन्द्र यादव, पंसस धानेश्वर यादव, दीपक राम, तौकीर आलम, शिव शंकर यादव, मोहम्मद नूर आलम, सरफराज नवाज, मो शाकिर अहमद इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एमआरपी से अधिक कीमत ले रहे हैं शराब दुकानदार



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एक कीमत जो किसी भी सामान के लिए तय की जाती है और ग्राहक उस कीमत को अदा कर सामान खरीदता है। किसी भी सामान पर छपी एमआरपी से अधिक पैसे लेना अवैध माना जाता है। लेकिन विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान के द्वारा शराब के मूल्य संबंधित अपना अलग ही कानून चलाया जा रहा है। एक लंबे अंतराल से यानी की फिलहाल जो अनुज्ञप्ति प्राप्त है उसकी शुरूआत से ही इस दुकान के द्वारा एमआरपी से अधिक लगभग हर सामान पर 10 रुपए अधिक जबरन वसूले जा रहे हैं।

## नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस मना



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले ने दिवंगत नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस शुक्रवार को बरांय गांव के अम्बेडकरनगर स्थित सामुदायिक भवन में मनाया गया। नागेश्वर मंडल की याद में दो मिनट का मौन रखा गया और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया और उनके तसवीर पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। मौके पर माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो, पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, पंस प्रतिनिधि मनोज प्रसाद मंडल, मुखिया राजेन्द्र मंडल, उप मुखिया शाहिद, घनश्याम पाठक, भोला सिंह, विवेक मंडल, समाजसेवी ललिता कुमारी, संजय बंगाली, रोहित मंडल, माणिक चंद मंडल, रामेश्वर रविदास, विनय मंडल, दिलीप मंडल, अजित कुमार, संजय रविदास, जयचंद रविदास, प्रीतम महतो, नितेश कुमार (गोपू), हीरालाल रविदास, योगेंद्र रविदास आदि उपस्थित थे।

## अमर बाउरी और मनोज सिंह का सांसद मनीष ने किया स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के निमित हजारीबाग पंहुचे झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियरी विधायक अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उनका स्वागत किया। झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मनीष जायसवाल के प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई दी और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्त एनडीए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया।













































### ओड़िशा के डीजीपी अरुण कुमार षाड़ंगी ने साझा की जानकारी

# 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नये कानून

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एक ऐतिहासिक कदम के तहत तीन नये आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 1 जुलाई से पूरे देश में लागू हो जायेंगे। आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए ये तीनों कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे, जो 1860 से अस्तित्व में थे। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों के डीजीपी के साथ बैठक की और तीनों नये कानूनों का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्चुअल मीटिंग में शामिल हुए ओड़िशा के डीजीपी अरुण षाड़ंगी ने मीडिया को मीटिंग की जानकारी दी और कहा कि 1 जुलाई से राज्य में नये कानूनों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए कदम उठाए जायेंगे। मीडिया से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कि दिसंबर 2023 में तीन प्रमुख आपराधिक कानूनों, आइपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था। सरकार ने फरवरी में इसके बारे में अधिसूचित किया था कि कानून 1 जुलाई 2024 से लागू होंगे। इसके साथ ही 150 साल पुराने औपनिवेशिक कानूनों का अंत हो गया है। उन्होंने कहा कि नये और पुराने कानूनों में बहुत अंतर है। पहले अपराध महत्वपूर्ण था, लेकिन अब न्याय को अधिक महत्व दिया जायेगा। जांच प्रक्रियाओं में अधिक तकनीक का उपयोग करने के लिए कदम उठाए जायेंगे। डीजीपी अरूण षाड़ंगी ने कहा कि चुनाव के कारण हम लोगों में जागरूकता नहीं फैला सके, लेकिन हर आम आदमी तक यह बात पहुंचाने के लिए कदम उठाए जायेंगे।

### अभियान : प्रत्येक गांव में 35-35 पेड़ लगाने की है योजना

# सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** शुक्रवार को गिरिडीह के सर्कस मैदान में घर-घर पेड़ लगाओ अभियान का शुभारंभ उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा किया गया। जहां कई लोगों/समाजसेवी/महिलाओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों/संस्थाओं/इंडस्ट्रीज से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उपरांत पुनः मनरेगा के तहत भी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक गांव में 35-35 पेड़ लगाने की योजना है, जिससे की हमसब एक लाख वृक्षारोपण करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण को लेकर जिला स्तर पर भी बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसमें सभी की सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व होना चाहिए और इस अभियान में हमें आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में शामिल सभी अधिकारियों और संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मोरम खोदते समय भूस्खलन में 2 महिलाओं की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कोरापुट जिले के कोलाब बांध के पास माटिखाल मोरम पहाड़ी से मोरम का चटान गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई है। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे कोरापुट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान सलमनगुडा गांव की पूर्णी जानी और सानमती जानी के रूप में हुई है। घायल की पहचान चंपा बड़ नाइक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव के 10 लोग मोरम पहाड़ियों से मोरम लेने आए थे। जब वे मोरम खोद रहे थे, अचानक पहाड़ी से एक बड़ा सा मोरम का चटान गिर गया। इस के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गयी। टाउन पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और घटनास्थल की जांच कर रहा है।





















## मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मिले पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी

# सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। राज्य अतिथि गृह में समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक, खुफिया निदेशक और आइजी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं कैसे प्रदान की जाएं और लोगों के साथ अच्छा व्यवहार कैसे किया जाए। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने थाने में आने वाले लोगों की शिकायत सुनने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में



विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी । पुलिस डीजी अरुण कुमार षड़ंगी ने कहा, कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री को राज्य में पुलिस और कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया गया है। मुख्यमंत्री ने जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया और मुख्यमंत्री को देश के तीन महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी, जो अगले जुलाई से लागू होंगे।

## जिला प्रशासन ने कोरापुट बस मालिक संघ और कर्मचारी संघ के साथ वार्ता की



भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के निर्देश पर कोरापुट जिला प्रशासन, बस मालिक संघ और जिले के कर्मचारी संघ ने चर्चा की है। दोनों यूनियनों के बीच विवाद के कारण जिले में बस सेवा बाधित हो गयी, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनों यूनियनों के बीच चर्चा और समझ के परिणामस्वरूप, कोरापुट जिले में बस सेवा अब सामान्य हो गयी है। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग, यूनियनों और जिला प्रशासन दोनों को सलाह दी कि वे हमेशा आम यात्रियों के हितों को प्राथमिकता दें।

## सरला स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए, सरला स्टेशन यार्ड रीमॉडेलिंग का काम पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल द्वारा फ्रेट वैगन के लिए रूटीन ओवर-हॉलिंग (आरओएच) सुविधा के साथ फ्रेट ट्रेन रखरखाव सुविधाओं के विकास और बीटीएपी लाइनों के संबंध में किया गया। गैर-इंटरलॉकिंग (ठक) से संबंधित यह संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य 11.06.2024 से 15.06.2024, 96 घंटे के लिए किया गया था। यह संरक्षा संबंधी ठककार्य संरक्षा और ट्रेन गति संचालन को बढ़ावा देगा। यार्ड रीमॉडलिंग कार्य पूरा होने से भीड़ में आसानी होगी और यात्रियों और मालगाड़ियों की आवाजाही की सुविधा होगी। इसके अलावा सरला में आरओएच सुविधा माल ढुलाई के लिए पूर्व तट रेलवे की क्षमता बढ़ाने के अलावा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। आरओएच के साथ मालगाड़ी रखरखाव की सुविधा 2017-18 में स्वीकृत की गयी थी और इसे मानेस्वर स्टेशन पर स्थापित करने का प्रस्ताव था। बाद में, व्यवहार्यता के मद्देनजर परियोजना को सरला में स्थानांतरित कर दिया गया। परियोजना को 149.37 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गयी थी।

## भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए आइआइटी भुवनेश्वर के साथ सहयोग करेगा सीआइसीएसइएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर और सीआइसीएसइएम प्राइवेट लिमिटेड ने कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में अनुसंधान पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत की जाने वाली पहली परियोजना आइआइटी भुवनेश्वर में सिलिकॉन कार्बाइड क्रिस्टल का स्वदेशी विकास होगा। रुपये की अनुमानित लागत के साथ। 45 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 150 मिमी और 200 मिमी ग्रउ वेफर्स के उच्च मात्रा में उत्पादन की जानकारी लायेगी। प्राइवेट लिमिटेड ने ओड़िशा में प्रक्रिया निर्माण और एटीएमपी संयंत्र स्थापित करने की योजना बनायी है। इससे भारत को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), फास्ट चार्जर, हरित ऊर्जा, पीवी इनवर्टर, मोटर नियंत्रण और 5जी संचार से परे उन्नत प्रौद्योगिकियों के लिए पावर सेमीकंडक्टर उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक और सेमीकंडक्टर उपकरणों के विशेषज्ञ प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर ने कहा कि यह सहयोग क्रिस्टल विकास में नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा, और आइआइटी भुवनेश्वर के लिए एक प्रमुख उद्योग-अकादमिक साझेदारी का प्रतिनिधित्व करता है। यह सहयोग भारत सेमीकंडक्टर मिशन, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप ओड़िशा में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और देश के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त ने सोनपुर-झारमुंडा के बीच नयी लाइन के काम का निरीक्षण किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** बृजेश कुमार मिश्रा, रेलवे संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल ने 13.06.2024 से 15.06.2024 तक संबलपुर मंडल में खुर्दा रोड-बलांगीर नई ब्राडगेज लाइन परियोजना के सोनपुर-पुरुणापानी-झारमुंडा खंड के बीच नई लाइन के काम का निरीक्षण किया। श्री मिश्रा ने ओवरहेड उपकरणों, पुलों, सिग्नल और दूरसंचार उपकरणों, रेलवे ट्रैक आदि जैसे संरक्षा संबंधी पहलुओं का निरीक्षण किया और झारमुंडा से सोनपुर स्टेशनों के बीच स्पीड ट्रायल भी किया। मंडल में इस खंड की नई लाइन और विद्युतीकरण के बाद यह ट्रेनों के सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय, पूर्व तट रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री पी श्रीनिवास और पूर्व तट रेलवे मुख्यालय और संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 22 जून को महाप्रभु के पवित्र देवस्नान की पूर्णिमा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूरी इस महीने की 22 तारीख को देवस्नान पूर्णिमा तिथि पर श्रीजीउ का स्नानयात्रा होगा। इसलिए विभाग के अधिकारियों को 20 तारीख तक सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया है। इस को लेकर जिलापाल सिद्धार्थ शंकर स्वाइं की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूरी सर्किट हाउस में बैठक हुई। महाप्रभु का स्नान यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में पूरी नगरपालिका की सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, बिजली, पेयजल आपूर्ति, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, स्वच्छता, वाहन पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा की गयी। महाप्रभु के दिव्य स्नान और मनमोहक गजानन बेश दर्शन के लिए श्रीमंदिर स्नान वेदी पर लाखों श्रद्धालु एकत्र होंगे। इसे देखते हुए बैठक में तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। जिलापाल सिद्धार्थ शंकर स्वाइं ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को प्रारंभिक कार्यों की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक पिनाक मिश्र ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों के बीच उचित समन्वय हो तो स्नान यात्रा व्यवस्थित ढंग से कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जायेंगे।

## बोकारो विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का हाहाकार मचा हुआ है : विरंची नारायण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बोकारो विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर घर को पानी देने की लिए झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में योजना चला रही । बोकारो मे लगभग 500 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना चल रही मगर झारखंड सरकार के पीएचडी विभाग ने अबतक 40% योजनाओं को अबतक पूरी कर सकी जिसके चलते आज बोकारो विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का हाहाकार मचा हुआ है। राज्य की सरकार को जनहित योजनाओं से मतलब नही। राज्य मे बिजली व पानी की किल्लत से जनता मे काफी रोष है।



5 सबस्टेशन बोकारो विधानसभा में बनकर तैयार है मगर अबतक जेएमएम की सरकार ने 4 वर्षो तक उसको चालू नही करवा सकी। यह सरकार सिर्फ लूटने के लिए बनी उन्हें जनता से सरोकार नहीं। अगर समय पर सबस्टेशन व बिजली जलापूर्ति य8योजना चालू हो जाती तो बोकारो विधानसभा के लोगो को बिजली पानी की किल्लत का सामना करना नही पड़ता। आने वाले ग्रीष्म कालीन सत्र में बोकारो विधानसभा की पानी व बिजली की किल्लत को लेकर जोरदार आवाज उठाऊंगा अगर जरूरत हुई तो विधानसभा के समक्ष धरना भी दूंगा इस गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए। भाजपा के कन्हैया पांडेय, सुरजमनी देवी, पिंकी देवी, दुदाल देवी, लक्ष्मी देवी, बिंदिया देवी,रानी देवी, समली देवी, अलोमनी देवी, रीता देवी, पुष्पा देवी, हरिचरन प्रसाद, अजय ठाकुर, गाजु प्रसाद , दीनबंधु, उमाकांत, प्रकाश, चंदन आदि मौजूद रहे।

## गायत्री कुमारी व परिजनों पर हमले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होगी : पुलिस अधीक्षक

धनबाद। गोधर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी और उनके परिजन के साथ भाजपा समर्थ को द्वारा की गयी मारपीट मामले में उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई सहित पीड़िता की सुरक्षा की मांग कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार से की है। यह मांग कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह प्रदेश सचिव वैभव सिंह ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को अजीत कुमार के कार्यालय में वार्ता के दौरान यह बात कही। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आस्वस्थ किया इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है और निश्चित तौर पर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को हर संभव सुरक्षा दी जायेगी। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच का विभागीय आदेश भी जारी कर दी है। ज्ञात हो कि विगत दिनों गोदर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी एवं उनके परिजन के साथ भाजपा समर्थकों ने मारपीट और जानलेवा हमला किया था। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी 2024 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने काली बस्ती पहुंचकर गायत्री कुमारी के साथ बैठकर बातचीत की थी जिस कारण वहां के कुछ बीजेपी समर्थक कुपित चल रहे थे ऐसा बताया जाता है।

## पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने कटक-पारादीप और पारादीप-हरिदासपुर रेल खंड का निरीक्षण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने आज वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ पारादीप का दौरा किया और कटक-पारादीप और पारादीप-हरिदासपुर रेलवे मार्गों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। फूंकवाल ने ट्रैफिक सुविधा, ट्रेनों के सुचारू संचालन और रेलवे की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। फूंकवाल ने पारादीप क्षेत्र में रेलवे के विकास कार्यों की भी समीक्षा की इस समीक्षा और अवलोकन कार्यक्रम में खुर्दा रोड रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने ट्रेनों के सुचारू संचालन और रेलवे क्षेत्र और बंदरगाह क्षेत्र दोनों में गतिशीलता में सुधार पर जोर दिया महाप्रबंधक ने इस अवसर पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और ट्रेन संचालन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक फूंकवाल ने माल लोडिंग और अनलोडिंग के लिए कई रेलवे साइडिंग का दौरा किया।

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



जगरनाथ महतो
एरिया सचिव, रैयत विस्थापित मोर्चा, एनके एरिया

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



शिवनारायण लोहरा
शाखा अध्यक्ष , रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी नवाडीह

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



पुष्पा खलखो
मुखिया मायापुर पंचायत

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



रामलखन गंझू
प्रवक्ता, रैयत विस्थापित मोर्चा, एनके एरिया

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



पुतुल देवी
मुखिया लपरा पंचायत

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



राजेंद्र उरांव
शाखा अध्यक्ष , रैयत विस्थापित मोर्चा, पुरनाडीह परियोजना

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



दामोदर गंझू
शाखा अध्यक्ष, रैयत विस्थापित मोर्चा, केडीएच परियोजना

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



संतोष कुमार महली
मुखिया तुमांग पंचायत

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



अमृत भोगता
शाखा सचिव, रैयत विस्थापित मोर्चा, रोहिणी परियोजना

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



बिगन सिंह भोगता
एरिया अध्यक्ष, रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



रमेशर भोगता
प्रदेश संगठन सचिव, ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कॉर्डिनेशन काउंसिल झारखंड

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



हेमलाल गंझू
समाजसेवी हेसालोग मैकलुस्कीगंज

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई



शिवनाथ भोगता
कार्यकारी अध्यक्ष, रैयत विस्थापित मोर्चा, रोहिणी परियोजना




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**